दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com | रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2020, आश्विन कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-242 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

महाराष्ट्र के पालघर में हिंसक भीड़ द्वारा दो संतों की निर्मम हत्या के बाद राजस्थान के करौली में एक पुजारी को जिंदा जला देने की घटना से संत समाज आक्रोशित है। उनका आक्रोश स्वाभाविक है। साधु-संत हमारे गुरू और पथ प्रदर्शक होते हैं। गुरू का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा बताया गया है। कबीरदास जी ने कहा है-गुरू गोंविद दोऊ खड़े काके लागू पाए, बलिहारी गुरू आपने गोंविद दियो बताए। इन दोनों ही घटनाओं के आरोपियों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। कान खोलकर सुन ले सरकार, देश अब नहीं सहेगा संतों पर अत्याचार।

थोड़ी राहत: भारत में कोरोना की रफ्तार में ब्रेक, एक सप्ताह से लगातार 1 हजार से कम मौतें

नई दिल्ली ए.। भारत में कोविड-19 से उबरने वाले मरीजों की संख्या 60 लाख के आंकड़े को पार कर गई है, जबकि इस महामारी से लगातार आठवें दिन 1,000 से कम मरीजों की मौत हुई है। देश में कोविड-19 के ऐक्टिव केसों की संख्या लगातार तीन दिनों से नौ लाख के आंकड़े से कम बनी हुई है। वहीं पिछले 24 घंटे में 918 और लोगों की मौत हो जाने के बाद कुल मृतक संख्या बढ़कर 1,08,334 हो गई है। भारत में कोविड-19 से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। साथ ही भारत, कोविड-19 के मरीजों के अधिकतम संख्या में संक्रमण मुक्त होने के साथ विश्व में अग्रणी स्थान बनाए हुए है। मंत्रालय ने कहा कि जिन शीर्ष पांच राज्यों में कोविड-19 के अधिकतम मरीज हैं (कुल ऐक्टिव केस के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐक्टिव केस 9 लाख के नीचे ही हैं, 24 घंटे में 918 और लोगों की मौत हो जाने के बाद कुल मृतक संख्या बढ़कर 1,08,334 पहुंची

60 लाख से अधिक हुए स्वस्थ

देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 89,154 लोग स्वस्थ हुये हैं जिसके साथ ही देश में इस महामारी को मात देने वाले लोगों की संख्या बढ़कर साढ़े 60 लाख के पार पहुंच गयी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी किए आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों में 89,154 लोग स्वस्थ हुए हैं और इन्हें विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी दे दी गयी है। इसके बाद देश में इस वायरस से निजात पाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 60,77,976 हो गयी है। इस अवधि में 74,383 और लोगों के कोविड-19 से संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद देश में संक्रमितों का आंकड़ा 70,53,807 हो गया है।

सबसे ज्यादा मौतें महाराष्ट्र में

पिछले 24 घंटे में जिन 918 लोगों की मौत हुई है, उनमें से महाराष्ट्र में 308, कर्नाटक में 102, तमिलनाडु में 67, पश्चिम बंगाल में 62, उत्तर प्रदेश में 60, दिल्ली में 48, छत्तीसगढ़ में 39 और आंध्र प्रदेश में 35 लोगों की मौतें हुई हैं। देश में संक्रमण के कारण अब तक कुल 1,08,334 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र में 40,040, तमिलनाडु में 10,187, कर्नाटक में 9,891, उत्तर प्रदेश में 6,353, आंध्र प्रदेश में 6,194, दिल्ली में 5,740, पश्चिम बंगाल में 5,563, पंजाब में 3,798 और गुजरात में 3,775 लोगों की मौत हुई है।

गांवों को उनके हाल पर नहीं छोड़ सकता मैं : पीएम मोदी

पीएम का विपक्ष पर निशाना, कहा- किसानों के बैंक खाते में सीधा पैसा पहुंचने से जिनको परेशानी हो रही है, वो आज बेचैन हैं

'स्वामित्व' योजना : करीब एक लाख कार्ड बने, यूपी, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के ग्रामीणों को पीएम ने बांटे प्रॉपर्टी कार्ड्स

नई दिल्ली ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'स्वामित्व' योजना के तहत 'संपत्ति कार्ड' बांटे। करीब एक लाख लोगों का प्रॉपर्टी कार्ड तैयार हो चुका है और डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर सभी लाभार्थियों को बधाई दी और कहा कि इस योजना से 'गांवों में ऐतिहासिक परिवर्तन लाने वाली है।' उन्होंने कहा कि 'आज आपके पास एक अधिकार है, एक कानूनी दस्तावेज है कि आपका घर आपका ही है, आपका ही रहेगा।' मोदी ने कहा कि 'स्वामित्व योजना के तहत बने प्रॉपर्टी कार्ड को दिखाकर, बैंकों से बहुत आसानी से कर्ज मिलना सुनिश्चित हुआ।' मोदी ने इस मौके पर राजनीतिक विरोधियों को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कृषि कानूनों समेत ग्रामीण भारत के लिए हुए फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि वे 'गांवों को उनके हाल पर नहीं छोड़ सकते।'

प्रधानमंत्री ने विरोधी दलों को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, ÷गांव के लोगों को, गरीबों को अभाव में रखना कुछ लोगों की राजनीति का आधार रहा है। आजकल इन लोगों को कृषि में जो ऐतिहासिक सुधार किए गए हैं, उससे भी दिक्कत हो रही है, वो बौखलाए हुए हैं। इनकी ये बौखलाहट किसानों के लिए नहीं, खुद के लिए है। छोटे किसानों, पशुपालकों, मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड मिलने से जिनकी काली कमाई का रास्ता बंद हो गया है, उनको आज समस्या हो रही है। किसानों के बैंक खाते में सीधा पैसा पहुंचने से जिनको परेशानी हो रही है, वो आज बेचैन हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर



वर्षों से सत्ता में रहे लेकिन गांव के लोगों को उनके नसीब पर छोड़ दिया

मोदी ने कहा कि वे भारत के गांवों को उनके हाल पर नहीं छोड़ सकते। उन्होंने कहा, हमारे यहां हमेशा कहा जाता है कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन सच्चाई यही है कि भारत के गांवों को उनके ही हाल पर छोड़ दिया गया। शौचालय, बिजली की परेशानी गांवों में थी, लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने की मजबूरी गांवों में थी। वर्षों तक जो लोग सत्ता में रहे उन्होंने बातें तो बहुत बड़ी बड़ी की, लेकिन गांवों के लोगों को उनके नसीब पर छोड़ दिया। मैं ऐसा नहीं होने दे सकता।

क्यों लानी पड़ी यह योजना, पीएम ने बताया

पीएम मोदी ने इस योजना की जरूरत भी समझाई। उन्होंने कहा, दुनिया में एक-तिहाई आबादी के पास ही कानूनी रूप से अपनी संपत्ति का रिकॉर्ड है। पूरी दुनिया में दो-तिहाई लोगों के पास ये नहीं है। ऐसे में भारत जैसे विकासशील देश के लिए ये बहुत जरूरी है कि लोगों के पास उनकी संपत्ति का सही रिकॉर्ड हो। स्वामित्व योजना से हमारी ग्राम पंचायतों का भी नगर पालिकाओं और नगर निगमों की तरह व्यवस्थित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रॉपर्टी कार्ड से क्या होंगे फायदे

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह योजना आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना, गांव में रहने वाले हमारे भाई-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने में बहुत मदद करने वाली है। पीएम ने आगे योजना के फायदे गिनाए। उन्होंने कहा, पूरे विश्व के बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स इस बात पर जोर देते रहे हैं कि जमीन और घर के मालिकाना हक की, देश के विकास में बड़ी भूमिका होती है। जब संपत्ति का रिकॉर्ड होता है, जब संपत्ति पर अधिकार मिलता है तो नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है। जब संपत्ति का रिकॉर्ड होता है तो निवेश के लिए नए रास्ते खुलते हैं। संपत्ति का रिकॉर्ड होने पर बैंक से कर्ज आसानी से मिलता है, रोजगार-स्वरोजगार के रास्ते बनते हैं।

खास- खबर

पीएम मोदी राजमाता सिंधिया पर आज जारी करेंगे सिक्का

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में सौ रुपये का स्मारक सिक्का जारी करेंगे। श्री मोदी एक डिजिटल समारोह में सुबह 11 बजे इसे जारी करेंगे। यह सिक्का श्रीमती सिंधिया की जन्मशती के सिलसिले में वित्त मंत्रलाय द्वारा जारी होगा। राजमाता के परिवार के लोग के अलावा संस्कृति मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल भी इस समारोह में शामिल होंगे। राजमाता भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में से एक थीं। उनका सार्वजनिक जीवन बहुत प्रभावशाली और आकर्षक था।

15 अक्टूबर से बहाल होगी नई दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा

नई (वार्ता)। नयी दिल्ली से जम्मू-कश्मीर के कटरा तक चलने वाली नयी दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा 15 अक्टूबर से दोबारा शुरू हो जायेगी। केन्द्रीय मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने ट्वीट कहा, रेल मंत्री पीयूष गोयल के साथ दो दिन पहले हुई चर्चा के बाद रेल मंत्रालय ने 15 अक्टूबर से नयी दिल्ली-कटरा वैष्णो देवी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा को दोबारा शुरू करने की घोषणा की है।

कर्नाटक में युवा वैज्ञानिक लापता

मैसुरु (वार्ता)। कर्नाटक के मैसुरु का रहने वाला भाभा परमाणु अनुसंधान संस्थान के एक वर्षीय वैज्ञानिक पिछले चार दिनों से लापता है। पुलिस ने रविवार को बताया कि येलवाला की न्यू जनता कॉलोनी का रहने वाले 24 वर्षीय सहायक वैज्ञानिक अधिकारी गुल्ला अभिषेक रेड्डी पिछले चार दिनों से लापता है।

हाथरस कांड की जांच का जिम्मा सीबीआई ने संभाला

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में 19-वर्षीया एक युवती के साथ कथित सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में रविवार को मुकदमा दर्ज करके औपचारिक तौर पर जांच का जिम्मा संभाल लिया।

सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में इस बाबत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत हत्या का प्रयास (धारा 307), सामूहिक बलात्कार (376डी), हत्या (धारा 302) और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) कानून, 1989 की धारा-तीन (उत्पीड़न) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सीबीआई ने उत्तर प्रदेश सरकार की सिफारिश और तदनुरूप केंद्र सरकार के कार्मिक, जन शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अधीन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से कल देर शाम जारी अधिसूचना के बाद आज यह मुकदमा दर्ज किया। इसके साथ ही हाथरस के कथित सामूहिक बलात्कार एवं हत्या मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई ने औपचारिक तौर पर संभाल लिया।

सीबीआई ने मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी है और जल्द ही यह टीम मौके पर जाकर अपना काम शुरू कर देगी। सीबीआई ने गाजियाबाद के अपराध निरोधक ब्यरो (एसीबी) में तैनात पुलिस उपाधीक्षक सीमा पाहुजा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

'कई भारतीय दलित, मुसलमान-आदिवासियों को इंसान समझते ही नहीं': राहुल गांधी

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में कथित सामूहिक बलात्कार की घटना पर राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार पर एक बार फिर हमला कर कहा कि शर्मनाक सच्चाई यह है कि कई भारतीय दलित, मुसलमान और आदिवासियों को इंसान समझते ही नहीं है।

हाथरस में 14 सितंबर को एक 19 वर्षीय दलित युवती के साथ कथित रुप से बलात्कार हुआ था । बाद में युवती की मौत हो गई थी। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री गांधी ने आज ट्वीट कर हाथरस की घटना पर एक बार फिर उत्तर प्रदेश सरकार पर हमला कर कहा, शर्मनाक सच्चाई यह है कि कई भारतीय दलित, मुसलमान और आदिवासियों को इंसान समझते ही नहीं है। वायनाड सांसद ने कहा, मुख्यमंत्री और उनकी पुलिस का कहना है कि किसी का बलात्कार नहीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्री डहरिया का एफबी एकाउंट हैक लोगों से मांग रहे आर्थिक सहयोग

■ मंत्री ने सायबर सेल में दर्ज कराई शिकायत

रायपुर। राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री डा. शिव कुमार डहरिया का फेसबुक एकाउंट हैक कर अज्ञात हैकर ने बकायदा समर्थकों व एफबी से जुड़े लोगों से आर्थिक सहयोग की मांग की है। इसकी जानकारी मिलते ही मंत्री श्री डहरिया ने मामले की शिकायत सायबर सेल से की है।

राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री डा. शिव कुमार डहरिया के सोशल मीडिया में हजारों फॉलोवर्स हैं। इसी बात का लाभ उठाते हुए अज्ञात हैकर ने उनका फेसबुक एकाउंट हैक कर लिया। बताया जाता है कि उनके एफबी एकाउंट के माध्यम से हैकर द्वारा समर्थकों व फॉलोवर्स से विभिन्न जनकल्याणकारी मदों में खुलकर मदद करने की अपील करते हुए आर्थिक सहयोग देने की बात लिखी है। इसकी जानकारी होते ही मंत्री श्री डहरिया ने मामले की शिकायत सायबर सेल से की है। सायबर सेल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री श्री डहरिया के एफबी एकाउंट को सील कर दिया है तथा मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

तेलंगाना में माओवादियों ने की टीआरएस कार्यकर्ता की हत्या

मुलुगू (वार्ता)। तेलंगाना में मुलुगू जिले के वेंकटपुरम में माओवादियों ने तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी है। माओवादियों ने टीआरएस के 48 वर्षीय कार्यकर्ता भीमेश्वर को पुलिस का मुखबिर बताकर शनिवार रात उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात माओवादियों का एक समूह भीमेश्वर के घर में घुसा और परिवार के सदस्यों के सामने ही चाकूओं से हमला कर उसकी हत्या कर दी। टीआरएस कार्यकर्ता की हत्या करने के बाद माओवादी वहां से फरार हो गए। माओवादी भीमेश्वर के घर पर एक पत्र छोड़कर गए। पत्र में माओवादियों ने लिखा कि भीमेश्वर पुलिस का एक मुखबिर था। मुलुगू जिले के पुलिस अधीक्षक संग्राम सिंह पटेल ने कहा कि माओवादियों ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा ने की 16 विस सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा

मरवाही उपचुनाव के लिए डॉ. गंभीर सिंह मैदान में

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ओडिशा, छत्तीसगढ़, मणिपुर, झारखंड और गुजरात की 16 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की रविवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में कल रात हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। गुजरात की सात, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सूची इस प्रकार है

छत्तीसगढ़ मरवाही (सु.) डा. गंभीर सिंह, गुजरात अबदासा प्रद्युमन सिंह जडेजा, गुजरात मोरबी बृजेश मिर्जा, गुजरात धारी जे वी काकड़िया, गुजरात गधादा (सु.) आत्माराम परमार, गुजरात कर्जन अक्षय पटेल, गुजरात दंग्स (सु.) विजय पटेल, गुजरात कप्रादा (सु.) जीतू भाई चौधरी, झारखंड दुमका (सु.) श्रीमती लुइस मरांडी, झारखंड बेरमो योगेश्वर महत, मणिपुर वानगोई ओइनाम लुखोई सिंह, मणिपुर वांगलिंग-टेनथा पोनम ब्रोजन सिंह, मणिपुर सैतु (सु.) नगामथंग हाओकिप, मणिपुर सिंघात (सु.) जिनसुआनहुआ उर्फजी एस जोउ, ओडिशा बालासोर मानस कुमार दत्ता, ओडिशा तिरतौल राजकिशोर बेहेरा

तमिलनाडु में पुजारी की डंडों से पीट पीटकर हत्या

मदुरै (वार्ता)। तमिलनाडु के प्रसिद्ध पंडित मुसनीश्वर मंदिर के एक पुजारी की शनिवार शाम को अज्ञात हमलवारों ने मंदिर परिसर में घुसकर डंडों और अन्य हथियारों से पीट पीटकर बेहद क्रूरता से हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक पुजारी की पहचान जी.मुथुराजा के रूप में हुई है जो अंधराकोट्टम हैमलेट के निवासी थे। उन्होंने बताया कि अज्ञात हमलावरों का एक समूह मंदिर परिसर में घुस गया और उन्होंने पुजारी को डंडों और अन्य हथियारों से लगातार मारना शुरू कर दिया जिससे पुजारी की वही पर मौत हो गई। तमिल के पुरातसी महीने के चौथे शनिवार के मौके पर मंदिर में बड़ी संख्या में भगवान के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु इस निर्मम हत्या को देख घबरा गए और सुरक्षित स्थानों की तरफभागने लगे। हमलावर पुजारी की बेहरमी से हत्या करने के बाद आसानी से फरार हो गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही मदुरै शहर के पुलिस उपायुक्त आर.शिव प्रसाद मंदिर पहुंचे और उन्होंने मामले की पूछताछ की।

इंतजार | **शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने सरकार को उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश कर दी है**

सुप्रीम कोर्ट के कलीजियम की सिफारिश के इंतजार में अटकी जजों की नियुक्तियां

नई दिल्ली ए.। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति को लेकर कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच गतिरोध देखने को मिल रहा है। दरअसल देश में तीन हाई कोर्ट बिना नियमित मुख्य न्यायाधीशों के बिना काम कर रहे हैं, सरकार के सूत्रों ने बताया कि कानून मंत्रालय को अभी तक सुप्रीम कोर्ट के कलीजियम से स्लॉट भरने के लिए सिफारिशें नहीं मिल सकी हैं, जिसके चलते सुप्रीम कोर्ट में 4 रिक्तियों पर नियुक्ति और 3 हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति अटकी हुई है।

दरअसल नवंबर 2019 में भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस रंजन गोगोई की सेवानिवृत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट में पहली वैकेंसी निकली थी। इसके बाद जस्टिस दीपक गुप्ता, आर भानुमति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार ने दिया ये तर्क

वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि सरकार को अब तक सुप्रीम कोर्ट और तीन हाई कोर्ट में इन रिक्तियों को भरने के लिए कलीजियम से कोई सिफारिश नहीं मिली है। सेवानिवृत्ति, इस्तीफे या न्यायाधीशों के उन्नयन के कारण अदालत में रिक्तियां उत्पन्न होती हैं। वहीं सरकार ने कहा है कि हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक सतत सहयोगात्मक प्रक्रिया है, क्योंकि इसमें विभिन्न संवैधानिक अधिकारियों से परामर्श और अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

धीमी प्रक्रिया के तहत हो रही नियुक्ति

सुप्रीम कोर्ट और 25 हाई कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया के अनुसार, शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने सरकार को उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की है, जो बदले में, या तो प्रस्ताव को स्वीकार कर लेता है या पुनर्विचार के लिए वापस कर देता है। कलीजियम में सीजेआई और शीर्ष अदालत के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल हैं। 25 उच्च न्यायालयों की संयुक्त स्वीकृत शक्ति 1,079 न्यायाधीश हैं। 1 अक्टूबर को, इलाहाबाद हाई कोर्ट में अधिकतम 60 के साथ 404 रिक्तियां थीं। वहीं 1 सितंबर को, हाई कोर्ट में 398 रिक्तियां थीं और 1 सितंबर को, विभिन्न हाई कोर्ट में 48 नए न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं।

थाईलैंड में ट्रेन-बस की टक्कर में 17 लोगों की मौत, 30 घायल

बैंकॉक (वार्ता)। थाईलैंड की चाचोनग्साओ प्रांत की राजधानी बैंग तोई में रविवार को एक बस की एक मालगाड़ी से भिड़ंत होने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गये। मुख्य जिला अधिकारी प्राथुंग युकासेम ने यहां बताया कि जब पर्यटक बस बैंग तोई क्षेत्र में रेल क्रॉसिंग को पार कर रही थी तभी अचानक एक मालगाड़ी आ गई और बस को रौंदते हुए निकल गई। इस हादसे में 17 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गये। बस में 65 लोग सवार थे।

चीन की मदद से बहाल हो सकता है अनुच्छेद 370

श्रीनगर ए.। नेशनल कांफ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि जम्मू-कश्मीर में दोबारा अनुच्छेद 370 की बहाली में चीन से मदद मिल सकती है। इसके साथ ही उन्होंने मोदी सरकार के इस कदम का समर्थन करने वालों को गद्दार बताया है। फारूक अब्दुल्ला ने इंडिया टुडे से बातचीत में कहा, ''जहां तक चीन का सवाल है मैंने तो कभी चीन के राष्ट्रपति को यहां बुलाया नहीं। हमारे वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री) ने उसे गुजरात में बुलाया, उसे झूले पर भी बिठाया, उसे चेन्नई भी ले गए, वहां भी उसे खूब खिलाया, मगर उन्हें वह पंसद नहीं आया, और उन्होंने आर्टिकल 370 को लेकर कहा कि हमें यह कबूल नहीं है।

नव प्रदेश
दुर्ग-भिलाई
रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2020 | 2

■ न्यूज गैलरी

निगम कर्मचारी कर रहे हैं सघन सर्वे

भिलाई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे व आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार निगम टीम कोरोना के रोकथाम को लेकर सघन डोर टू डोर सर्वे का कार्य कर रही है। निगम उपायुक्त व नोडल अधिकारी तरुणपाल लहरे ने कलेक्टर के आदेशानुसार टाउनशिप क्षेत्र के वार्डों में कोरोना के संक्रमण रोकने के लिए दो. दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। 12 अक्टूबर तक हर आवास का सघन सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने कर्मचारियों को सर्वे के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दिए गए प्रपत्र में रिपोर्ट तैयार करने कहा गया है।

आवेदन आमंत्रित

दुर्ग। एनटीपीसी पावर कंपनी लिमिटेड भिलाई सीएसआर योजना के अंतर्गत सेंट्रल इंस्टीटूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सिपत के द्वारा बीपीएल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें मशीन ऑपरेटर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग एमओ, पीपी, मशीन ऑपरेटर, टूल रूम एमओटीआर और मशीन ऑपरेटर, इंजेक्शन मोल्डिंग, एमओआईएम जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं है एवं आयु सीमा 18 से 32 वर्ष है।

कोरोना को लेकर नवरात्रि में विशेष व्यवस्था

सतरुपा शीतला मंदिर में सोशल डिस्टेसिंग मास्क के साथ सेनेटाइजर मशीन से गुजरेंगे श्रद्धालु

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सिविल लाईन कसारीडीह स्थित मां सतरुपा शीतला मंदिर में आगामी 17 से 25 अक्टूबर को शारदीय नवरात्रि में कोरोना महामारी का ध्यान रखते हुए श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था बनाई जा रही है। श्रद्धालुओं को मास्क पहनकर सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए सेनेटाइजर मशीन से होकर गुजरना होगा। इसके बाद ही श्रद्धालु दर्शन कर पाएंगे। मंदिर प्रांगण में इसके लिए बेरिकेट्स बनाए जा रहे है। मंदिर के भीतर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु का नाम पता व मोबाइल मंबर रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। दर्शन का समय सुबह 8 से 12 व सायं काल 5 से 9 बजे तक का निर्धारित किया गया है। मंदिर कार्यालय में रविवार को आयोजित सतरुपा शीतला सेवा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। समिति अध्यक्ष संजय सिंह व सचिव रोमनाथ साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार नवरात्रि पर्व में 12 सौ ज्योति कलश के प्रज्जवलन का लक्ष्य रखा गया है। मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण नहीं किया जाएगा और पांच फीट की दूरी से ही श्रद्धालु दर्शन का लाभ ले सकेगें। मंदिर में घंटे का प्रयोग नहीं होगा। घंटी को श्रद्धालुओं की पहुंच से दूर कर दिया गया है। मंदिर में इस बार न ही भंडारे का आयोजन होगा और न ही शोभायात्रा निकाली जाएगी। 24 अक्टूबर को अष्टमी के दिन मंदिर के भीतर हवन होगा जिसमें पंडित बैगा मुख्य यजमान के साथ समिति के पदाधिकारी ही मौजूद रहेगें। केवल पांच ज्योति कलश का विसर्जन किया जाएगा। मां शीतला मां दुर्गा व मां काली व लंगूर के विसर्जन के लिए महिलाओं से पंचमी तक आवेदन मांगे गए है। इसमें समिति के सदस्य व दीप प्रज्वलन करने वाले लोग शामिल रहेगें। उनका चयन लाटरी पद्धति से किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष शिव सागर सिन्हा, जितेन्द्र निर्मलकर, शांति शर्मा, दीपक यादव, राजा सिंह राजपूत, रमेश शर्मा, गणेश निर्मलकर, अखिलेश मिश्रा, विशाल देशमुख, आरके भटनागर, संतोष सिन्हा, सुरेन्द्र धर्माकर, अरुण मिशार, हेमंत कुमार महेश्वरी सहित अन्य मौजूद थे।

वेद पुराणों की शिक्षा देने पंडित पाण्डेय की पहल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। वर्तमान जीवनशैली व शिक्षा प्रणाली के इतर पंडित जयंत पाण्डेय वेद पुरणों की शिक्षा देने विशेष पहल कर रहे हैं। उन्होंने जयंत पाण्डेय गुरुकुल फाउंडेशन की स्थापना की है जिसके माध्यम से वे संस्कृत की शिक्षा देंगे। साथ योग व ध्यान की कक्षाएं भी संचालित होंगी। रोजना सुबह 6 से 8 बजे तक योग व ध्यान तथा शाम 6 से 8 बजे तक संस्कृत की पाठशाला लगेगी। गुरुकुल फाउंडेशन के उद्देश्यों को लेकर पं. पाण्डेय ने जानकारी दी। इस दौरान कान्हा महाराज, सुबोध ठाकुर, मोहन माखिजा, सीएम पियुष जैन, रामअवतार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में देश के युवा हमारे पौराणिक सभ्यता को भूलते जा रहे हैं। लोग वेस्टर्न कल्चर से इतना ज्यादा प्रभावित हैं कि वे अपनी संस्कृति व मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं। लोगों में वैदिक शिक्षा को लेकर बहुत सी भ्रांतियां हैं और इन्हीं भ्रांतियों को दूर करने के लिए हमारा फाउंडेशन कक्षाएं शुरू करने जा रहा है। इन कक्षाओं में आध्यात्म, वैदिक व संस्कृत, भारतीय मूल्यों की जानकारी, योग, ध्यान और ज्योतिष की विधाओं को शामिल किया है। इन कक्षाओं के लिए शुल्क नहीं देना है केवल ऑनलाइन पंजीयन कर इससे जुड़ा जा सकता है।

सतनाम संकल्प यात्रा में उमड़ा जनसमूह

कुम्हारी। बाबा गुरु घासीदास के वंशज जगत गुरु रूद्र कुमार कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्राम उद्योग की अगुवाई में आयोजित सतनाम संकल्प यात्रा के सम्मान, स्वागत और उनके अनुयायिओं द्वारा गुरुजी की पूजा एवं प्रणाम कर संदेश सुनने नगर के पांच गांव के सतनाम समाजी लोगों का विशाल जन समूह नगरपालिका के समीप कांजी हाउस क्षेत्र में एकत्र हुएए जहां गुरु का सम्मान स्वागत किया। मंच पर बाबा गुरु घासीदास के फोटो पर उन्होने माल्यार्पण कर प्रणाम करते हुए संक्षिप्त उद्बोधन में आशीर्वचन देते हुए कहा कि यात्रा का मार्ग लंबा होने के कारण अधिक समय नहीं दे पा रहा हूं। मंच पर गुरुजी का पुष्पहार एवं श्रीफल से आत्मीय भक्ति भाव से उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। आयोजन में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन लेखराम गेंद्रे ने करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक राकेश कुर्रे तथा सतनाम समाज द्वारा उनकी सराहना की गई। कुर्रे ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा के पूर्व उन्होंने कहा कि सतनामी समाज विशाल समाज है इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि हमे आपस मिलकर समाज के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाना ज़रूरी है। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, रोहित कुर्रे, अश्विनी देशलहरे, माखन कोसरिया, लक्ष्मी नारायण मारकंडेय, लक्ष्मी बंजारे, महेश रात्रे, सरस्वती रात्रे जनपद अध्यक्षा धमधाए रजनी भारतीए हीरा वर्माए आकाश कुर्रेए विनोद बंजारेए अंजोर दासए राजा टंडनए पुष्पनू कुर्रेए पार्षद ओंकार मारकंडेए शांति टंडनए खुमान टंडनए बेन चंदेलए करण पटेलए दिलीप रात्रे ने सक्रिय योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पटरीपार के विकास हेतु बनाएं कार्ययोजना : वोरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधायक अरुण वोरा ने महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त इंद्रजीत बर्मन से पटरी पार क्षेत्र के मूलभूत विकास व सांसदए विधायक निधि के साथ ही अधोसंरचना मद के अटके हुए कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु चर्चा की। श्री वोरा पारिवारिक कारणों से दिल्ली प्रवास में होने के बावजूद शहर के विकास एवं जनसुविधाओं के लिए सतत सक्रिय हैं उन्होंने आयुक्त व महापौर से फोन पर चर्चा करते हुए कहा कि पटरी पार क्षेत्र से सड़कए नालीए पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप जनता से सुझाव लेकर नवीन सड़क एवं नाली निर्माण के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर पटरी पार के विकास को नई दिशा प्रदान की जाए। उन्होंने अमृत मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन डालने हेतु सड़कों में किए गए गड्ढों का सीमेंटीकरण त्वरित गति से पूर्ण करवाने का निर्देश देते हुए कहा कि मिशन के कार्य पहले ही विलंब से चल रहे रेस्टोरेशन के कार्य मे देरी से जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।वोरा ने विधायक निधि से स्वीकृत किए गए कार्यों को भी जल्द से जल्द पूर्ण करवाने को कहा। उन्होंने आने वाले समय में दुर्गोत्सव, दशहरा एवं दीपावली के त्यौहार के दौरान कोरोना संक्रमण को देखते हुए निगम को पूरी तरह तैयार रहने का सुझाव देते हुए कहा कि शहर में विभिन्न स्थानों माँ दुर्गा की प्रतिमा विराजित होती है साथ ही कई स्थानों पर रावण दहन कर दशहरे का पर्व भी मनाया जाता है सभी जगह जनता की सुरक्षा के लिए मास्क सेनेटाइजेशन का विशेष ध्यान रखते हुए गाइडलाइन्स जारी की जाए।

कचरा फैलाने वाले 9 दुकानदारों से वसूला जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्रांतर्गत कचरा फैलाने वाले दुकानदारों को समझाई देते हुए उनसे जुर्माना वसूल किया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भिलाई को नंबर वन पर लाने की कयावद प्रारंभ कर दी गई है। महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव एवं निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छता के प्रत्येक मापदंड पर खरा उतरने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं। इसी तारतम्य में कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। जोन 1 के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि की टीम ने आज वार्ड 3 नेहरू नगर ओवरब्रिज के नीचे, वार्ड 4 राधिका नगर के वेंकटेश्वर टॉकीज के समीप तथा वार्ड 6 आकाशगंगा सब्जी मंडी के पास निरीक्षण करते हुए अव्यवस्थित तरीके से ठेला लगाकर गंदगी फैलाने वाले 9 लोगों से जुर्माना वसूल किया। दुकानदार संतोष से 5 सौ, प्रमोद से 3 सौ, गौरव साहू से 2 सौ, चंदन वर्मा से 3 सौ, योगेंद्र बंछोर से 2 सौ, मैष से 2 सौ, अजीत से सौ रुपए, कृपाल देवांगन से 2 सौ एवं पूजा बाई से सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया तथा समझाइश दी गई।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरूआत

स्वास्थ्य परीक्षण करने मोबाइल टीम पहुंचेगी शहर के अंतिम छोर तक

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। शहर के अंतिम छोर पर रहने वाले प्रत्येक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा हैं। इसके लिए अपर कलेक्टर व आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर शिविर लगाया जा रहा हैं। पूरे माह चलने वाले शिविर के लिए स्थान निर्धारित हैं। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का मुख्य उद्देश्य निचली बस्ती में रहने वाले शिविर में मामूली बीमारी होने पर त्वरित इलाज करना हैं। वहीं गंभीर बीमारी होने पर मरीज का योजना के तहत हायर सेंटर इलाज कराया जाएगा। नोडल अधिकारी रमाकांत साहू ने बताया कि शिविर का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके इसके लिए मुनादी कराया जा रहा हैं। इसके अलावा मोबाइल टीम को किसी तरह की समस्या न हो इसके लिए अतिरिक्त व्यवस्था जैसे कुर्सीए पेयजल व विद्युत व्यवस्था की गई हैं। शिविर सुबह 8 बजे 12 व शाम 4 से 7 बजे तक चलेगा।

आज से यहां लगेगी शिविर

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत आज रूआबांधा पूर्व में कुंदरा पारा चौक, स्टोर पारा पुरैना के शिव मंदिर के पास शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह 13 को एचएससीएल कालोनी रूआबांधा में माया नगर मंदिर के पासए एनएसपीसीएल पुरैना में जगदम्बा चौक, 14 व 15 को टंकी मरोदा में दुर्गा मंच व मौहारी भाठा संस्कृतिक के पास, 17 को बीआरपी कालोनी में आदिवासी कॉपरेटिव के पास, सूर्य नगर स्टेशन मरोदा में मंडी चौक, 18 को शिवपारा स्टेशन मरोदा में तालाब के पास, इस्पात नगर में मोहन किराना के पास, 19 को एचएससीएल कालोनी में दुर्गा मंदिर के पास, नेवईभाठा में दुर्गा मंच के पास, 20 को विजय चौक स्टेशन मरोदा में, नेवई बस्ती पूर्व शासकीय स्कूल के पास, 21 को शंकर पारा स्टेशन मरोदा में, नेवई बस्ती पश्चिम में दशहरा मैदान के पास, 22 को सूर्य नगर स्टेशन मरोदा में मंडी चौक, डुंडेरा पश्चिम में पुराना बाजार चौक, 24 को इस्पातनगर में मोहन किराना के पास,बीआरपी कालोनी आदिवासी कापरेटिव के पास, 25 को नेवईभाठा में मोहन किराना के पास, शिवपारा स्टेशन मरोदा में तालाब के पास, 26 को नेवई बस्ती पूर्व में शासकीय स्कूल के पास लगाया जाएगा।

काढ़ा वितरण हेतु बढ़ रहे सेवाभावी नागरिकों के हाथ

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सेवाभावी नागरिकों की मदद से काढ़ा वितरण के कार्यक्रम का विस्तार हो रहा है। इसके लिए आयुष विभाग को जिला पंचायत परिसर में काढ़े की सामग्री सेवाभावी नागरिक गौतम जैन, आशीष अग्रवाल, मुकेश चंद्राकर, संदीप अग्रवाल ने उपलब्ध कराई। जिला प्रशासन की ओर से जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक ने उनके प्रति आभार जताया। इस मौके पर सीईओ ने कहा कि कोविड से लड़ने में प्रतिरोधी क्षमता की बड़ी भूमिका होती है। इसके लिए आयुर्वेद की विशेष भूमिका हो सकती है। इसके लिए मुख्यमंत्री बघेल ने काढ़ा वितरण के कार्यक्रम के लिए विशेष निर्देश दिये थे। इसके पश्चात कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आरंभ किया गया। इसे अस्पताल में मरीजों को तथा कोविड वारियर्स को दिया जा रहा है। इसके साथ ही बुजुर्ग नागरिकों में भी प्रतिरोधी क्षमता के विकास के लिए वृद्धाश्रम में जाकर काढ़ा वितरण किया गया। पुलगांव एवं सेक्टर 2 स्थित वृद्धाश्रम में वितरण किया।

शंकराचार्य में मना वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे



नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। वर्ल्ड मेन्टल हेल्थ डे हर साल मनाया जाता है। यह दिन बेहतर मेन्टल हेल्थ को प्रमोट करने के लिए आयोजित किया जाता है। अगर किसी इंसान का मानसिक स्वास्थ अच्छा हैए तो वाकई वो एक बेहतर ज़िंदगी जी सकता है। वर्ल्ड मेन्टल हेल्थ डे पहली बार 10 अक्टूबर 1992 को मनाया गया था इसकी शुरुआत की थी वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेन्टल हेल्थ ने। हर साल विश्व मानसिक स्वास्थ दिवस के लिए थीम रखी जाती है। इस बार की थीम सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य अधिक से अधिक निवेशए ज्यादा से ज्यादा पहुँच रखी गयी है। कोविड.19 महामारी के परिणाम स्वरुप हमारे दैनिक जीवन में काफी बदलाव आया है। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरुरी है इसी को ध्यान में रखते हुए शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के मेन्टल हेल्थ डिपार्टमेंट के द्वारा कार्यक्रम रखा गया। जिसके अंतर्गत कॉलेज के सभी स्टाफ एवं बच्चो ने गूगल मीट के द्वारा डिजिटल प्रस्तुति दीए कार्यक्रम की शुरुआत बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के बच्चो ने की और कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कॉलेज की प्राचार्य श्रीमति शैलजा अनिक ने सभी का स्वागत करते हुए सभी का उत्साह वर्धन किया और बधाईयाँ दी। कार्यक्रम की थीम की ओपनिंग कॉलेज की उप प्राचार्या एवं एचओडी मेन्टल हेल्थ नर्सिंग डिपार्टमेंट विनीता सत्य कुमार ने की। जिसमे सिंगिंग, डांसिंग, कुकिंग, पेंटिंग, हैंड मेड पोस्टर, विडिओ मेकअप, मेहँदी आदि रहा।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सौहद्रा चंद्राकर पिता/ पति रमेश चंद्राकर वगैरह निवासी म.न. 203 वार्ड 09 शिवमंदिर के पास गिरधारी नगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 286/1 का टु रकबा 600 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार अमित कुमार पिता तोरणलाल साहू से दिनांक 06.08.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सारिका राजपूत पिता संदीप सिंह बैस निवासी म.न. 169 वार्ड 08 दाऊपारा गौरमाटी तह. सहसपुर जिला कवर्धा मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 261/2 रकबा 0.0090 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार चन्द्रौतीन बाई ढीमर पिता/ पति किशनलाल ढीमर से दिनांक 02.09.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक टेमनलाल साहू पिता अनंतराम साहू निवासी गयानगर वार्ड 04 दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 417/169 रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार अश्विनी वडयालकर पिता सुरेश वडयालकर से दिनांक 13.08.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दीपिका साहू पिता/ पति पुरुषोत्तम साहू निवासी वार्ड 58 ओमनगर उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 559/4 रकबा 1265 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार सुनील कुमार गुप्ता पिता स्व. केदारनाथ से दिनांक 18.08.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद सोशल वेलफेयर श्री सुभाष कुशवाहा पिता टी.पी. एस. कुशवाहा निवासी आनंद नगर जुनवानी तह. व जिला दुर्ग मौजा कुथरेल प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 57 का टु रकबा 0.30 हे. भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार महेन्द्र कुमार अन्य 3 पिता युवराज से दिनांक 24.01.2014 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मार्कशीट-गुमा

मैं श्रीमती आराधना यादव ध.प. उमेश यदु निवासी मुकुट नगर वार्ड नं. 21 दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। यह कि ए.एन.एम का छत्तीसगढ़ नर्स रजिस्ट्रेशन कॉउसिल (पंजीयन प्रमाण-पत्र) जिसका दिनांक 22.05.2015, XV-11124 Roll. No. 17368 है। जो कि घर से कही गुम हो गया है जिसे मेरे द्वारा काफी ढूढने के उपरांत प्राप्त नही हो सका और ना ही भविष्य में प्राप्त होने की कोई संभावना है। उक्त पंजीयन प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। अतः इसकी द्वितीय प्रति प्रदान करने शपथ पत्र उक्त प्रमाण पत्र गुम होने के प्रमाण स्वरुप श्रीमान सक्षम अधिकारी महोद्य की ओर सादर प्रस्तुत हे।

शपथकर्ता
आराधना यादव

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई-कोर्ट- 202010100700049

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मयंक जैन पिता स्व. मुन्नालाल जैन निवासी ग्राम स्टेशन रोड दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1348/42 रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मुन्नालाल आ. पन्ना लाल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धीरेन्द्र सिंह कुशवाहा पिता स्व. हरिसिंह कुशवाहा निवासी आनंद कुमार जुनवानी मौजा कुथरेल प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 57 का टु. रकबा 0.32 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार महेन्द्र कुमार एवं अन्य पिता युवराज से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शुभम सोलंकी पिता देवेन्द्र सोलंकी निवासी म.न. 383 बघेरा राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 845/577 रकबा 825 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार चन्द्रकांत बेदरकर पिता विष्णु बेदरकर से दिनांक 02.09.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोहद्रा चंद्राकर पिता रमेश चंद्राकर निवासी वार्ड 09 शिव मंदिर के पास गिरधारी नगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 285/1 का टु रकबा 612 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार अमित कुमार पिता तोरणलाल साहू से दिनांक 10.08.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवलाल साहू पिता पलटराम साहू निवासी सांई नगर उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 845/577 का टु रकबा 825 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार चन्द्रकांत बेदरकर पिता विष्णु बेदरकर से दिनांक 22.09.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका इन्द्रा कुमारी साहू पिता/ पति लक्ष्मण साहू निवासी टाटीकसा तह. व जिला कवर्धा मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 286/1 का टु रकबा 630 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार अंकालूराम पिता इटवारी से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जलेश्वर यादव पिता स्व. फिरंता यादव निवासी वार्ड नं. 57 रामनगर उरला रोड दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 417/43 रकबा 0.120 हे. भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार लता ताम्रकार पिता/ पति निर्मल कुमार ताम्रकार से दिनांक 18.08.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

रमन सिंह ने बेरोजगार युवाओ को लेकर फिर भूपेश सरकार पर साधा निशाना

रायपुर। मुख्यमंत्री निवास के सामने एक बेरोजगार युवक के आत्मदाह करने पहुंचे मामले को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने ट्वीट कर भूपेश सरकार पर एक बार फिर निशाना साधा। डा. रमन सिंह ने कहा कि शनिवार को एक बेरोजगार युवा बेरोजगारी से तंग आकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास के सामने आत्महत्या करने पहुंचा था जो सरकार के मुंह पर तमाचा है। डा. सिंह ने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी के चलते हम युवा हरदेव सिन्हा को खो चुके हैं। आखिर यह संवेदनहीन सरकार कब जागेगी। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओ से किए वादे निभाए।

शिक्षित बेटी सशक्त भारत का आधार है-डा. महंत

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रविवार को ट्वीट कर प्रदेश की बेटियों को शुभकामनाएं दी है। डा. महंत ने कहा कि शिक्षित बेटी ही सशक्त भारत का आधार है। उन्होंने नए भारत की बेटियों को बालिका दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

प्रेस क्लब में नि:शुल्क स्टीम थेरेपी शिविर आज

रायपुर। कोरोना संक्रमण के दौर में अपने पत्रकारिता धर्म को पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे पत्रकार साथियों और उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से रायपुर प्रेस क्लब द्वारा सुरक्षित भव फाउंडेशन रायपुर के सौजन्य से 12 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निशुल्क स्टीम थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया है।

एनडीए की प्रवेश परीक्षा में सफल हुए प्रयास आवासीय विद्यालय के सात छात्र

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अनुसूचित जाति एवं जनजाति मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने एनडीए की प्रवेश परीक्षा में छत्तीसगढ़ के सफल छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। एनडीए की प्रवेश परीक्षा में सफल सभी 7 छात्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर से हैं। सफल छात्रों में सौम्य गोपाल, मनीष साहू, तुषार ध्रुव, अमोल कुमार उरकुड़े, सुनील केरकेट्टा, राहुल कुम्भकार तथा वोमेश रात्रे शामिल हैं।

किसानों को न्याय, स्वाभिमान और स्वावलंबन की जिंदगी देना सरकार का लक्ष्य : सीएम भूपेश

रेडियो वार्ता लोकवाणी की 11वीं कड़ी में 'नवा छत्तीसगढ़': हमर विकास- मोर कहानी'' विषय पर मुख्यमंत्री ने रखे अपने विचार

■ गरीब परिवारों के लिए संजीवनी बनी 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना : जरुरतमंदों को मिली 20 लाख रुपए तक उपचार की सुविधा

■ 'डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना' में 2.71 लाख लोगों को मिली 50 हजार रुपए तक नि:शुल्क इलाज की सुविधा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को अपनी रेडियो वार्ता लोकवाणी की 11वीं कड़ी में ''नवा छत्तीसगढ़: हमर विकास-मोर कहानी'' विषय पर अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को न्याय, स्वाभिमान और स्वावलंबन की जिंदगी देना राज्य सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए राज्य सरकार ने धान का दाम 2500 रुपये क्विंटल, कृषि ऋण माफी, सिंचाई कर माफी, रियायती बिजली, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के किसानों को खेती के लिए नि:शुल्क बिजली जैसी योजनाएं लागू की, ताकि किसानों के चेहरे पर मुस्कुराहट लौट आए। बघेल ने रेडियो वार्ता में नयी सरकार द्वारा पौने दो वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीणों-किसानों की आय में वृद्धि, छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहन के लिए लागू की गयी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। लोकवाणी में रेडियो श्रोताओं ने राज्य सरकार की योजनाओं की मुक्तकंठ से सराहना की।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' से लाभान्वित दो जरुरमंदों ने लोकवाणी में श्री बघेल को दिया धन्यवाद

गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए राज्य सरकार की 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' संजीवनी बूटी साबित हो रही है। बिलासपुर के तिफरा के राजेन्द्र कुमार सोनी ने लोकवाणी के माध्यम से बताया कि उनके 8 वर्षीय पुत्र कुणाल सोनी को ब्लड कैंसर के इलाज के लिए 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' से 20 लाख रुपए की सहायता मिली, जिससे उनके पुत्र का बोन मेरो ट्रांसप्लांट हो गया है। इसी तरह जिला जांजगीर-चांपा की तहसील जैजेपुर के ग्राम बेथिया के श्री अजीत कुमार जांगड़े ने बताया की उनके 14 वर्षीय पुत्र लक्की जांगड़े को मेजर थैलेसिमिया नाम की बीमारी हो गयी है। इसी योजना से मिली 14 लाख रुपए की सहायता से उनके पुत्र का बोन मेरो ट्रांसप्लांट हो गया है। श्री सोनी और श्री जांगड़े ने अपने पुत्र का इलाज सीएमसी हॉस्पिटल वेल्लोर में कराया। दोनों ने 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' से मिली सहायता के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने बड़ी ही विनम्रता के साथ इस संबंध में कहा कि निश्चित तौर पर संवेदना के स्तर पर मैं ऐसे हर परिवार के साथ जुड़ा हूं जिन्हें इलाज के लिए मदद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कृपया कोई यह न समझे कि हमने किसी पर कोई उपकार किया है। यह सुविधा मिलना आपका हक था जो हमने आपको आदर, विनम्रता और गरिमा के साथ दिया है। श्री बघेल ने कहा कि 'डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना' के अंतर्गत 9 माह में 2 लाख 71 हजार लोगों को 50 हजार रुपए तक इलाज की सुविधा निःशुल्क दी गई है। वहीं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत 9 माह में 315 लोगों को 20 लाख रुपए तक उपचार की सुविधा दी गई है। सिर्फइन दो योजनाओं में ही लगभग 350 करोड़ रूपए खर्च किए गए।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संरक्षित कर गढ़ रहे नवा छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का अर्थ हमारी लुप्त होती संस्कृति, बोली-भाषा, खान-पान, मूल्य-संस्कार को बचाते हुए विकास का नया रास्ता बनाना है। हमारा प्रयास है कि योजनाएं इस प्रकार बने कि एक योजना का फायदा दूसरी योजना में भी लोगों को मिले। उन्होंने कहा कि जैसे गरवा, गोठान और गोधन न्याय योजना प्रारंभ की गई है। वर्मीकम्पोस्ट के उत्पादन और उपयोग से धान के उत्पादन और बाड़ी की फसलों को भी फायदा मिलेगा। नरवा के विकास का लाभ भी सभी को मिलेगा।

सीएम ने की अपील- कोरोना से बचने करें सुरक्षा उपायों का पालन

मुख्यमंत्री ने रेडियो वार्ता के माध्यम से प्रदेशवासियों से कहा कि कोरोना को देखते हुए हमें बड़े और भीड़ वाले कार्यक्रमों से बचना है। इसलिए न खुद ऐसे आयोजन करना है और न भीड़ में शामिल होना है। उन्होंने प्रदेशवासियों से यह अनुरोध भी किया कि सभी मास्क के उपयोग सहित सुरक्षा उपायों का पालन करें और घर में रहकर परिवार के साथ खुशियाँ मनाएं। मुख्यमंत्री ने लोकवाणी में प्रदेशवासियों को नवरात्र, दशहरा, अग्रसेन जयंती, ईद-मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं दीं।

बाजार और कम्पनियों को भी करनी होगी छत्तीसगढ़ी में अपनी बात

रायपुर की दक्षश्री साहू ने लोकवाणी के माध्यम से मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि छत्तीसगढ़िया लोगों की चिन्हारी छत्तीसगढ़ी भाषा को भी उचित स्थान मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ी भाषा की जितनी सेवा करेंगे, जितना उपयोग और प्रचार करेंगे, उतना ही हमारी संस्कृति और भाषा का विकास होगा। बाजार और कम्पनियों को भी छत्तीसगढ़ी में बात करनी होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए विधानसभा में संकल्प पारित कराके, केन्द्र सरकार को भेजा गया है। हम अपनी ताकत से छत्तीसगढ़ी भाषा को सिरमौर बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ने रेडियो वार्ता के माध्यम से किसानों द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं की सराहना के संबंध में कहा कि आप लोगों की बातें सुनकर मुझे काफी संतोष का अनुभव हो रहा है। किसानों के लिए हम जो करना चाहते थे उसमें सफल हुए हैं। 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' के तहत 5 हजार 700 करोड़ रुपए देने का वायदा, आधा से ज्यादा पूरा हो चुका है। शेष राशि भी आपको जल्दी ही मिल जाएगी। अनेक श्रोताओं ने लोकवाणी के माध्यम से बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ अंचलों में सोलर लाईट, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, वनोपज संग्रहण से महिला स्व सहायता समूहों को मिल रहे लाभ से आ रहे बदलाव और कोरोना काल में आमचो रेडियो योजना के माध्यम से बच्चों को स्कूलों से जोड़े रखने में मिल रही सफलता की जानकारी दी।

बिजली ही नहीं, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाओं की रौशनी भी पहुंची बस्तर

मुख्यमंत्री ने इस संबंध में कहा कि हमने वायदा किया था कि बस्तर में विकास की जो नई शुरुआत होगी, वह आपसी समझ, आपसी विश्वास की बुनियाद पर होगी। घर और गांव रोशन हो गये हैं, तो मन को बहुत संतोष हुआ। बस्तर के दूरस्थ अंचल में 11 हजार 886 घरों में क्रेडा द्वारा बिजली पहुंचायी गयी। बिजली ही नहीं, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाओं की रौशनी भी बस्तर अंचल में पहुंचायी गई है। सुकमा जिले के जगरगुंडा नक्सल प्रभावित गांव में 13 साल बंद स्कूल चालू हो गये। बस्तर ने कुपोषण मुक्ति की अलख जगाई। मुख्यमंत्री सुपोषण योजना बनाई गई और एक साल में पूरे प्रदेश में कुपोषण की दर 13.79 प्रतिशत कम हुई। तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक बढ़ाने के साथ लघु वनोपज खरीदने का दायरा 7 से बढ़ाकर 31 किया। इससे छत्तीसगढ़ देश में सर्वाधिक वनोपज खरीदने वाला राज्य बन गए। मनरेगा कोरोना काल में तो यह लाइफलाइन बन गई और इसमें भी देश में सर्वाधिक काम देने का कीर्तिमान बना।

दन्तेवाड़ा में बनेगा मल्टीस्किल सेंटर

लोहाण्डीगुड़ा में आदिवासी किसानों की जमीन वापसी से उपजा उत्साह प्रदेश में 200 फूड पार्क स्थापित करने का माध्यम बन गया। 101 फूडपार्क के लिए जमीन चिन्हांकित हो चुकी है। जेल में बंद करीब 900 आदिवासियों की मुक्ति सुनिश्चित की गई है। अब तो आमचो बस्तर की धमक भी सुनाई पड़ रही है। इमली, हल्दी, काजू, कॉफी को आप लोगों ने बस्तर ब्रांड बना दिया है। हम बोधघाट बहुद्देशीय परियोजना बनाएंगे और इंद्रावती नदी को बचाएंगे। भोपालपटनम में बांस आधारित कारखाना लगाएंगे। कोंडागांव में मक्का प्रसंस्करण करेंगे। दन्तेवाड़ा में मल्टीस्किल सेंटर स्थापित करेंगे। बस्तर कुपोषण मुक्त होगा, मलेरिया मुक्त होगा और हर तरह के अन्यायों से भी मुक्त होगा, यह मेरा वायदा है। नारायणपुर में उच्च क्षमता का 'मोबाइल-टॉवर' और जगदलपुर से हैदराबाद-रायपुर की हवाई कनेक्टिविटी से हालात और तेजी से बदलेंगे। अब बदलता हुआ बस्तर सब के सामने है और आप लोगों की आवाजों की चहक, इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। अनेक रेडियो श्रोताओं ने बताया कि वनांचल क्षेत्रों में वनवासियों को वन अधिकार पत्र और सामुदायिक वन अधिकार पत्र मिलने से वनांचल क्षेत्र में विकास की नई शुरूआत हो रही है।

अमित जोगी ने मुख्यमंत्री बघेल को लिखा पत्र

■ कहा-आपको जोगेरिया रोग हो गया है, जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने श्री बघेल को जोगेरिया रोग होने की बात कहते है उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। श्री जोगी ने अपने पत्र में लिखा है कि मरवाही उपचुनाव जीतने के लिए खुले आम साड़ी, शॉल, शराब, कंबल, बरतन, बकरा, बाली, पायल आदि सब बटवा दिया। एक वोट के लिए 15000 रूपये भी दे दिया। इतनी सौगातों के अलावा आपने मेरी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को अपनी अपार उदारता से कांग्रेस प्रवेश भी करा लिया। आपके इशारे पर चलने वाले अपने प्रिय अधिकारी को भी निर्वाचन अधिकारी बना लिया। इन सबके बावजूद भी अब आपको चुनाव जीतने को लेकर किस बात का डर है, कि आप राज्यपाल के नाम के दुरूपयोग से कानून को ही रातो-रात बदल के और मोतिमपुर में तंत्र-मंत्र से मुझे चुनाव लड़ने से भी रोकना चाहते है। श्री जोगी ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को कहा कि आप मेरे स्वर्गीय पिता और मेरे से जोगेरिया रोग से ग्रसित थे। अब मेरी मां और मेरे दुधमुह बेटे की मां ऋचा का भी जोगेरिया रोग आपको हो गया है। उम्मीद करता हूं कि कोरोना की वैक्सीन के साथ जोगेरिया की वैक्सीन भी जल्द आएगी ताकि आप स्वस्थ हो सकें। अमित जोगी ने इस पत्र को लेकर मीडिया को एक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की है जिसमें उन्होंने पत्र में लिखी सारी बातों का उल्लेख करते हुए कहा है कि इस चुनाव को जीतने के लिए कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है, साम-दाम-दंड-भेद की नीति, तरह-तरह के पैतरे बाजी, सत्ता बल, बाहु बल, धनबल का दुरुपयोग कर रही है।

प्रभारी पुनिया के संपर्क में आने वाले सभी नेता सकते में आए

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेसे के प्रभारी पीएल पुनिया के कोरोना पॉजीटिव की खबर लगते ही हड़कंप मच गया है। श्री पुनिया कल राजधानी रायपुर में कांग्रेस द्वारा आयोजित कई कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। इस कार्यक्रम में पीसीसी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए थे। कृषि बिल के खिलाफ कल कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित किसान-मजदूर बचाओ आंदोलन में शामिल हुए। श्री पुनिया कल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लगातार मिलते रहे औरर वरिष्ठ नेताओं से भी उनका मुलाकात चलता रहा। पीसीसी पदाधिकारियों से प्रत्यक्ष मुलाकात के अलावा उन्होने दोपहर में जहां विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत के यहां भोजन किया था तो वहीं शाम को फ्लाइट से वापस दिल्ली लौट गए थे। श्री पुनिया की रिपोर्ट पॉजीटिव होने की खबर फैलते ही अब उनके संपर्क में आने वाले सभी लोगों की कोरोना संक्रमण की जांच होने तक क्वारंटाईन में रहने कहा गया है। श्री पुनिया ने मरवाही चुनाव पर कल कांग्रेस भवन में एक बैठक ली थी। बैठक में बाद उन्होंने एक प्रेसवार्ता लेकर चुनावी रणनीतियों पर अपने विचार व्यकत किए थे। मरवाही उपचुनाव में प्रत्याशी के नाम तय किए जाने को लेकर भी बैठक हुई थी। इसके बाद ही उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल, विस अध्यक्ष डा. महंत सहित प्रदेश के कई मंत्रियों से मुलाकात की थी।

राज्य में अधिकांश स्थानों पर वर्षा के आसार

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कल सोमवार को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ होगा। मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान के अनुसार एक अवदाब प.-मध्य बंगाल की खाड़ी में पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में पिदले 3 घंटे से गतिमान है। आज रविवार को यह सिस्टम विशाखापट्टनम से 400 किमी दूर दक्षिण, दक्षिण पूर्व दिशा में, काकीनाड़ा से 450 किलोमीटर दूर दक्षिण पूर्व की ओर तथा नरसपुर से 490 किलोमीटर दूर पूर्व उत्तर पूर्व की ओर स्थित है। इसके आगामी 24 घंटे के दौरान और प्रबल होकर गहरे अवदाब में परिवर्तित होने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो आगामी चौबीस घंटों के दौरान खासकर कल सोमवार को राज्य के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।

भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ होने की संभावना बनी हुई है। इधर अब दक्षिण पश्चिम मानसून धीरे धीरे प्रदेश से विदा हो रहा है। आमतौर पर मानसून 10 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ से विदा हो जाता है। लेकिन इस बार इसकी विदाई में थोड़ा और विलंब होगा, माना जा रहा है कि इस सप्ताह के अंदर मानसून राज्य से विदा हो जाएगा।

खुलासा | रजिस्ट्री कार्यालय में ई-पंजीयन प्रणाली का ऐसे दुरूपयोग

अपॉइंटमेंट ज्यादा, दस्तावेजों की रजिस्ट्री कम!

■ महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक ने व्यवस्था बनाई

■ ई-स्टैम्प की राशि प्रतिफल की राशि का 5 प्रति.

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक धर्मेश साहू ने बताया है कि ई-पंजीयन प्रणाली के तहत यह बात सामने आ रही है कि दस्तावेजों के पंजीयन कराने हेतु ई-पंजीयन प्रणाली में अपॉइंटमेंट ज्यादा हो रहा है, परंतु दस्तावेजों की रजिस्ट्री कम हो रही है। इससे यह बात स्पष्ट हो रही है कि लोगों द्वारा अनावश्यक रूप से अपॉइंटमेंट बुक करा दिया जाता है। एक दस्तावेज के पंजीयन हेतु अधिक बार अपॉइंटमेंट ले लेने से पंजीयन हेतु जरूरतमंदों को अपॉइंटमेंट नहीं मिल पाता है। महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक ने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट व्यवस्था को तत्काल व्यवस्थित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों एवं ऑनलाइन अपॉइंटमेंट सुविधा प्रदायता को दिए हैं। उन्होंने पंजीयन हेतु पक्षकारों से भी अनुरोध किया है कि आवश्यकतानुरूप ही दस्तावेजों के पंजीयन हेतु अपॉइंटमेंट बुक कराए। महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक ने ई-पंजीयन प्रणाली में अपॉइंटमेंट पोर्टल में यह व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं कि विक्रय पत्र के मामले में पक्षकार द्वारा अपॉइंटमेंट बुक करते समय एक वैध ई स्टाम्प नंबर, ई स्टेम्प राशि और प्रतिफल की राशि का अनिवार्य रूप से प्रविष्टि किया जाए। सिस्टम में यह चेक किया जाए कि ई स्टेम्प की राशि प्रतिफल की राशि का कम से कम 5 प्रतिशत हो। यदि पक्षकार उससे कम राशि का ई स्टेम्प की प्रविष्टि करता है, तो उन्हें ईरर मेसेज दिया जाए कि कम से कम प्रतिफल राशि के 5 प्रतिशत राशि के ई स्टेम्प की प्रविष्टि करने पर ही अपॉइंटमेंट बुक हो सकेगा। यदि किसी पक्षकार द्वारा किसी ई स्टेम्प के आधार पर अपॉइंटमेंट प्राप्त किया जाता है, परंतु उस दिन पंजीयन के लिए दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करता है तो आगामी 15 दिवस के बाद ही उनका अगला अपॉइंटमेंट स्वीकार किया जाए। अपॉइंटमेंट आगामी 15 दिवस के लिए किया जा सके इसकी भी व्यवस्था करें। कृपया यह सुनिश्चित करें अपॉइंटमेंट पोर्टल में सुबह 8 बजे के प्रारंभ करके तब तक अपॉइंटमेंट प्राप्त किया जा सके जब तक अगामी 15 दिवस का अपॉइंटमेंट पूर्णतः न भर जाए। इस संबंध में सभी संबंधितों को निर्देशित किया गया है कि आवश्यक कार्यवाही कर अपॉइंटमेंट प्रणाली में सुधार कर तत्काल महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक कार्यालय को अवगत कराया जाए।

एमएसपी और एपीएमसी पर कांग्रेस के आरोपों का बीजेपी ने दिया जवाब

पीएम से गारंटी, किसानों से धोखा, गंगाजल के अपमान की माफी मांगे कांग्रेस- विष्णुदेव

■ नए कृषि क़ानूनों में किसानों को 72 घंटों के भीतर एकमुश्त भुगतान का प्रावधान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साय ने कहा कि पहले मुख्यमंत्री बघेल समर्थन मूल्य को लेकर अपने दिमाग़ के जाले साफ़ कर लें और फिर प्रधानमंत्री मोदी से इस मूल्य पर धान ख़रीदने की गारंटी मांगें। मिथ्या राजनीतिक प्रलाप में मशगूल मुख्यमंत्री बघेल पहले अपने प्रदेश की मंडियों में बिक रहे धान की कीमत की जानकारी ले लें। नवापारा (राजिम) की मंडी में किसानों का धान भूसे के भाव बिकने पर श्री साय ने कहा कि नवापारा मंडी में टेका निवासी एक किसान संतोष साहू का धान 666 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर अभी इसी महीने की पिछली 03 तारीख़ को खरीदा गया है! 25 सौ रुपए में धान ख़रीदी का दंभ भरने वाली सरकार के राज में किसानों के साथ यह कैसा अंधेर मचा हुआ है? श्री साय ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल इस खरीफ सत्र की धान ख़रीदी से पहले प्रदेश के किसानों को पिछले खरीफ सत्र में खरीदे गए धान की पूरी कीमत की बकाया दो किश्तें एकमुश्त अदा करने, वर्तमान खरीफ सत्र की धान ख़रीदी वे पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल की तरह 01 नवंबर से करने, छत्तीसगढ़ से ड्योढ़ा चावल अधिक यानी 60 लाख मीट्रिक टन चावल ख़रीदने की केंद्र सरकार की घोषणा के बाद प्रदेश सरकार किसानों का पूरा धान खरीदने की गारंटी दें। लेकिन प्रदेश सरकार उल्टे गिरदावरी के नाम पर किसानों के खेतों का रकबा कम कर खुद किसानों का घोर अहित कर रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साय ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल किसानों के नाम पर चाहे जितने घड़ियाली आँसू बहा लें, प्रदेश का किसान इस सरकार के छल-कपट से भरे राजनीतिक चरित्र को अच्छी तरह परख चुका है। श्री साय ने कहा कि कृषि क़ानूनों को लेकर केंद्र सरकार ने जब साफ़ कर दिया है कि इन क़ानूनों से धान के समर्थन मूल्य की व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा और मंडी की व्यवस्था पूर्ववत चलती रहेगी, तब भी मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस के लोग झूठ-फ़रेब की सियासी मानसिकता से ऊपर नहीं उठ रहे हैं।

संपादकीय

हाथरस पर हल्ला करौली पर खामोशी

उत्तरप्रदेश के हाथरस में एक दलित युवती की हत्या की घटना के बाद हल्ला मचाने वाले राजस्थान के करौली में एक पुजारी को जिंदा जला देने की लोम हर्षक घटना के बाद खामोशी की चादर ओढ़कर सो गए है। करौली में एक मंदिर के पुजारी को वहां के दबंगो ने जिंदा जला डाला वह पुजारी इकलौता कमाने वाला उसकी छह बेटियां है और एक बेटा है। बेटा भी बिमार बताया जाता है। पुजारी की मौत के बाद उसके परिवार के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है लेकिन इस पीड़ित परिवार की सुध लेने की किसी ने जरूरत महसूस नहीं की। खबरिया चैनलों में जब यह मुद्दा उछला तो राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने मृतक के परिजनों को दस लाख रुपए का मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को संविधा नियुक्ति देने की घोषणा कर मुआवजे के मरहम से उनके जख्मों को भरने की कोशिश की है। जबकि पुजारी के हत्यारों में से सिर्फ एक पकड़ा गया है। सात आरोपी अभी भी फरार है। करौली की घटना को लेकर संत समाज ने आक्रोश फैल गया है। संत समाज मांग कर रहा है कि मृतक के परिवार को कम से कम एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए और एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिले और पुजारी के हत्यारों को जल्द-जल्द गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा दी जाए। इस मांग को लेकर अयोध्या में महंत राजूदास ने अनशन शुरू कर दिया है और उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से इस्तीफे की मांग की है। गौरतलब है कि इसके पहले महराष्ट्र के पालघर में भी दो संतों की और उनके कार ड्राइवर की उलमादी भीड़ ने पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी थी। इस मामले की भी सीबीआई जांच कराने की मांग संत समाज लगातार कर रहा है। लेकिन महाराष्ट्र सरकार सीबीआई जांच के लिए तैयार ही नहीं है। पहले महाराष्ट्र और उसके बाद राजस्थान में संतों की हत्या के बाद अब साधु-संतों में आक्रोष गहराता जा रहा है जो स्वभाविक है। कोई भी साधु या संत समाज को नई दिशा दिखाने का काम करते है। उनकी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी होती है। करौली के पुजारी ने 15 दिन पूर्व पुलिस में शिकायत की थी कि कुछ दबंग मंदिर की जमीन पर कब्जा करना चाह रहे हैं और उनसे उनकी जान को खतरा है लेकिन वहां की पुलिस ने पुजारी की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया यही वजह है कि उन दबंगों ने पुजारी को जिंदा जलाकर मार डाला। निश्चित रूप से इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। आरोपियों को जल्द-जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि पीड़ित परिवार को इंसाफ मिले। हाथरस में हल्ला मचाने वालों को करौली की घटना पर अपनी खामोशी तोड़नी चाहिए। इस मामले में उनका तठस्थ रहना उन्हें ही संदेह के दायरे में खड़ा करेगा। खामोशी की चादर ओड़ने वालों को याद रखना चाहिए- समर अभी शेष है, नहीं पाप का भागी व्याघ, जो तठस्थ है समय लिखेगा उनका भी अपराध।

विचार

किसानों की भागीदारी

पिछले दिनों नए कृषि कानूनों को लेकर जिस तरह किसान सड़कों पर आ गए और जिस तरह से कांग्रेस नेतृत्व ने अपनी पार्टी की राज्य सरकारों से वैकल्पिक कानून बनाकर इन कानूनों को बेअसर करने को बोल दिया है, उसे देखते हुए हाल के कुछ कृषि आंकड़ों पर नजर डालना जरूरी है। वर्ष 2018-19 में महज 12 फीसदी धान उत्पादक किसान ही एमएसपी पर सरकारी खरीद व्यवस्था का फायदा उठा पाए थे। साल 2018-19 के जो सरकारी आंकड़े उपलब्ध हैं, उनके मुताबिक देश के कुल 8 करोड़ धान उत्पादक किसानों में से मात्र 97 लाख किसानों के धान की सरकारी खरीद ही एमएसपी पर की जा सकी। इनमें भी अलग-अलग राज्यों के किसानों की भागीदारी में जबर्दस्त अंतर दिखता है। पंजाब के 95 फीसदी और हरियाणा के 70 फीसदी किसानों को इसका फायदा मिला लेकिन बाकी राज्यों के किसान बहुत पीछे नजर आते हैं। अन्य प्रमुख धान उत्पादक राज्यों में उत्तर प्रदेश के मात्र 3.6 फीसदी, पश्चिम बंगाल के 7.3 फीसदी और बिहार के महज 1.7 फीसदी किसान ही इसका फायदा उठा सके। ये आंकड़े बताते हैं कि एमएसपी पर फसलों की खरीद के लिए बनी मंडी व्यवस्था का देश के ज्यादातर किसानों के लिए कोई मायने नहीं है। इन आंकड़ों से इस सवाल का भी काफी हद तक जवाब मिल जाता है कि कृषि कानूनों के खिलाफकिसानों का तगड़ा विरोध मुख्यतः दो राज्यों- पंजाब और हरियाणा- में ही केंद्रित क्यों रहा। इसकी वजह यही थी कि इन दो राज्यों के किसानों की मंडी व्यवस्था तक अच्छी पहुंच है और उन्हें इसका लाभ मिल रहा है। सवाल उठता है कि आखिर बाकी राज्यों में यह व्यवस्था कारगर क्यों नहीं हो पा रही? जवाब कई बातों पर निर्भर करता है। जैसे, पंजाब और हरियाणा में जितनी सघनता से मंडियां बनाई गई हैं और चल रही हैं, क्या अन्य राज्यों में भी उसी तरह गांवों के आसपास मंडियां उपलब्ध हैं? क्या किसानों को मंडियों तक फसलें आसानी से पहुंचाने की सुविधा प्राप्त है? क्या एक दिन में बिक्री न होने पर मंडियों के आसपास अपनी उपज सुरक्षित रखवाने के लिए गोदाम की व्यवस्था मौजूद है? जाहिर है, ये सवाल इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े हैं जो हर राज्य में समान स्तर का नहीं है। इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए निवेश की जरूरत है, जिससे सरकारें लगातार कतरा रही हैं। इसका रास्ता खेती में निजी क्षेत्र के आने से ही निकल सकता है, जिसके लिए कृषि सुधार आवश्यक हैं। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों में कृषि उपज के प्रकार, किसानों की जरूरतें, उनके हित और आशंकाएं भी अलग-अलग हैं।

एमपी में उपचुनाव का बिगुल बज चुका है

कमलनाथ और सिंधिया की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है

एल. एस. हरदेनिया

> मुरैना में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश मरावी को ज्योतिरादित्य सिंधिया के वफादार रघुराज सिंह कंसाना के रूप में मैदान में उतारा गया है। और 2003 से 2008 तक पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की सीट बडा मल्हेरा में, कांग्रेस ने भगवा पहने साध्वी राम सिया भारती को मैदान में उतारा। उमा भारती की तरह कांग्रेस का उम्मीदवार भी लोधी (ओबीसी) समुदाय से है, जिसका निर्वाचन क्षेत्र में प्रमुख वोट बैंक है। उन्हें कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी के खिलाफमैदान में उतारा गया है, जो इस साल 12 जुलाई को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

कांग्रेस और भाजपा दोनों द्वारा उम्मीदवारों की सूचियों की घोषणा के साथ, 28 विधानसभा क्षेत्रों में युद्ध की रेखाएँ खींच दी गई हैं। 3 नवंबर, 2020 को जनता मतदान करने वाली हैं। जबकि भाजपा को अपने उम्मीदवारों का चयन करने में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा, यह कांग्रेस के लिए एक मुश्किल काम था। भाजपा की सूची में कांग्रेस के पूर्व विधायक शामिल हैं जिनके सामूहिक इस्तीफे के कारण कमलनाथ सरकार गिर गई थी। बीजेपी के अधिकांश उम्मीदवार सिंधिया के अनुयायी हैं। तुलसीराम सिलावट को सांवरे से और गोविंद सिंह राजपूत को सागर के सुरखी से मैदान में उतारा गया है। सिलावट और राजपूत दोनों को 21 अक्टूबर को मंत्रिमंडल छोड़ना होगा, जब वे विधायक बने बिना छह महीने पूरे कर लेंगे। एक अन्य सिंधिया उम्मीदवार इमरती देवी हैं, जिन्होंने हाल ही में कहा कि सीएम शिवराज सिंह चैहान और सिंधिया उन्हें डिप्टी सीएम के रूप में देखना चाहते हैं यदि वह बड़ी जीत हासिल करती हैं। उन्हें डबरा से लड़ने के लिए चुना गया है, जहां वह 2008 से अपराजित हैं।

भाजपा ने पहले सभी 25 नेताओं को कहा था कांग्रेस से आए सभी को टिकट दिए जाएंगे। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने सिटिंग विधायकों (दो कांग्रेस और एक भाजपा) की मौत से रिक्त हुई तीन सीटों के लिए 25 नामों के अलावा उम्मीदवारों को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के करीबी माने जाने वाले सूबेदार सिंह राजोधा को मुरैना की जौरा सीट पर मैदान में उतारा गया है और पूर्व विधायक नारायण सिंह पंवार बियोरा से चुनाव लड़ेंगे। ये दोनों सीटें कांग्रेस के पास थीं। पूर्व विधायक स्वर्गीय मनोहर उंटवाल के पुत्र मनोज उटवाल का नाम आगर मालवा से लिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सभी उम्मीदवारों को बधाई दी। उन्होंने कहा, ''मैं आने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी के सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देता हूं।'' कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की, जिसमें भाजपा नेता उमा भारती की पारंपरिक बाड़ा मल्हेरा सीट से साध्वी शामिल हैं और बदनवर के उम्मीदवार को बदल दिया, जैसा कि पहले धार कांग्रेस इकाई द्वारा खुलासा किया गया था। इस सूची में बदनावर के अभिषेक सिंह टिंकू बाना को बदलने के अलावा मुरैना, बड़ा मल्हेरा और मेहगांव सीटों के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए। सिंह को स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी के वरिष्ठ नेता कमल पटेल द्वारा बदल दिया गया है। तीसरी सूची के साथ, कांग्रेस ने 28 में से 27 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। आखिरी तक एकमात्र सीट जो कि बिरला थी, जिसे अंततः राम चंद्र डांगी को आवंटित किया गया था। यह सीट कांग्रेस के मौजूदा विधायक गोवर्धन डांगी के हालिया निधन के बाद खाली हुई थी। जमत विधानसभा सीट से पूर्व विधायक और मृत पी सत्यदेव कटारे के पुत्र हेमंत कटारे को भिंड जिले के मेहगांव से पार्टी ने मैदान में उतारा है। मेहगांव एक ऐसी सीट है जो 1990 से दो बार कांग्रेस द्वारा जीती गई है। भाजपा ने तीन बार बसपा, एक बार बसपा और एक बार 2003 में निर्दलीय मुन्ना सिंह से जीत हासिल की थी।

> इस सूची में बदनावर के अभिषेक सिंह टिंकू बाना को बदलने के अलावा मुरैना, बड़ा मल्हेरा और मेहगांव सीटों के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए। सिंह को स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी के वरिष्ठ नेता कमल पटेल द्वारा बदल दिया गया है। तीसरी सूची के साथ, कांग्रेस ने 28 में से 27 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। आखिरी तक एकमात्र सीट जो कि बिरला थी, जिसे अंततः राम चंद्र डांगी को आवंटित किया गया था।

कटारे जूनियर को अक्टूबर 2016 में उनके पिता के निधन के बाद अटेर सीट से उपचुनाव में चुना गया था। उन्हें मंत्री अरविंद भदोरिया के खिलाफ 2018 के विधानसभा चुनाव में अटेर से उम्मीदवार बनाया गया था, लेकिन वे हार गए थे पड़ोसी मेहगांव के कटारे की फील्डिंग से पता चलता है कि कांग्रेस ने अभी भी पार्टी के पूर्व उप नेता चैधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी को जुलाई 2013 में विधानसभा के फर्श पर दलबदल के लिए माफनहीं किया है। जब शिवराज सिंह चैहान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तो उसी दिन चैधरी भाजपा में शामिल हो गए लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में लौट आए। वह मेहगांव से टिकट की दौड़ में शामिल नामों में से एक थे जो 2013 में उनके भाई मुकेश सिंह ने भाजपा के टिकट पर जीता था।

मुरैना में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश मरावी को ज्योतिरादित्य सिंधिया के वफादार रघुराज सिंह कंसाना के रूप में मैदान में उतारा गया है। और 2003 से 2008 तक पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की सीट बडा मल्हेरा में, कांग्रेस ने भगवा पहने साध्वी राम सिया भारती को मैदान में उतारा। उमा भारती की तरह कांग्रेस का उम्मीदवार भी लोधी (ओबीसी) समुदाय से है, जिसका निर्वाचन क्षेत्र में प्रमुख वोट बैंक है। उन्हें कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी के खिलाफ मैदान में उतारा गया है, जो इस साल 12 जुलाई को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

पारस के पत्थर की तरह सादगी की धनी राजमाता

प्रहलाद पटेल, केंद्रीय मंत्री

> राजमाता सिंधिया के पास साधन भी थे। नाम भी था। वैभव भी था। वे चाहती तो आराम से अपना जीवन व्यतीत कर सकती थी। उन्हें वो सब हासिल था जिसके लिए व्यक्ति संघर्ष करता है। वे आरामदायक जीवन व्यतीत कर सकती थी। लेकिन उन्होंने जनता की सेवा को अपना लक्ष्य बनाया। आपातकाल के दौरान वे जेल में रही। वे चाहती तो जेल के कष्टों से बच सकती थी। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जिन भी लोगों ने उन्हें करीब से देखा है वे सभी जानते है कि किसी भी पद या सम्मान की उन्हें लालसा नहीं थी। वे पूरे जीवन भर जनता की सेवा करती रही। उनके व्यक्तित्व में गजब की सादगी थी।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया में पारस पत्थर की तरह सादगी थी। उनसे मिलकर लगता था जैसे किसी साधु से मिलकर आए हो। वे राजनीति करती जरूर थी, लेकिन उनके कामकाज में राजनैतिक गुटबाजी या महत्वकांक्षी नहीं थी। उनकी राजनीति मुल्यों की राजनीति थी। वे विचारधारा को सर्वोपरी मानती थी। मध्यप्रदेश के होने के नाते राजमाता से मेरा मिलना जुलना अक्सर रहा। मैंने उन्हें कई मौको पर करीब से देखा। जाना और समझा भी। मैंने देखा वे राजनैतिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अपने मूल्यों से समझौता करने के खिलाफ थी। मुझे याद है, मैं उन दिनों युवा मोर्चा में कार्य करता था। हमने भोपाल में युवा मोर्चा की ऐतिहासिक रैली की। चारों तरफ खूब चर्चा भी हुई। लेकिन स्वाभाविक था। कुछ आलोचना भी हुई। जैसे कार्यकर्ताओं ने हुड़दंग की या फिर रैली में शामिल होने आए कार्यकर्ता बिना टिकिट आए। इस तरह की खबरें राजमाता जी के पास पहुंची। वे नाराज थी। हम लोगों को बुलाया गया। उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की। कहा कि इस बात का ध्यान रखना हमें अपना चरित्र और आचरण सदैव उच्चकोटी का रखना होता है। राजनैतिक जीवन में इन चीजों से कभी भी समझौता नहीं किया जा सकता। वे सरल भी थी और इच्छाशक्ति की पक्की भी। फिर हम लोगों को अपनी बात कहने का मौका मिला। मैंने कहा कि राजमाता साहब इन आरोपों में कई झूठे और राजनैतिक है। फिर भी मैं इसकी जांच करूगां। जो भी कार्यकर्ता इस तरह की गलत हरकत में शामिल पाया गया। उसके खिलाफ कार्यवाही करूंगा। लेकिन राजमाता ने उस दिन हमें यह पाठ पड़ा दिया कि साध्य के साथ साथ साधन भी पवित्र होना चाहिए। हमें अपनी राजनैतिक सफलता के लिए अपने मूल भूत आदर्शों से कभी समझौता नहीं करना है। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा उसके कार्यकर्ताओं की पूंजी है। उसे हमेशा अपने साथ रखना है।

राजमाता सिंधिया के पास साधन भी थे। नाम भी था। वैभव भी था। वे चाहती तो आराम से अपना जीवन व्यतीत कर सकती थी। उन्हें वो सब हासिल था जिसके लिए व्यक्ति संघर्ष करता है। वे आरामदायक जीवन व्यतीत कर सकती थी। लेकिन उन्होंने जनता की सेवा को अपना लक्ष्य बनाया। आपातकाल के दौरान वे जेल में रही। वे चाहती तो जेल के कष्टों से बच सकती थी। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जिन भी लोगों ने उन्हें करीब से देखा है वे सभी जानते है कि किसी भी पद या सम्मान की उन्हें लालसा नहीं थी। वे पूरे जीवन भर जनता की सेवा करती रही। उनके व्यक्तित्व में गजब की सादगी थी।

मैंने अनुभव किया कि उनके अंदर सादगी के साथ साथ पारस पत्थर की तरह कौशल था कि वह किसी को भी सोना बना दे। उनसे बातचीत करके हर कार्यकर्ता उत्साहित हो जाता था। उनके स्वभाव में आत्मीयता अनुकरणीय थी। उनसे मिलकर इस बात का कभी आभास नहीं होता था कि हम एक कार्यकर्ता है और वे हमारी राष्ट्रीय नेता है। वे कार्यकर्ता से उसके ही स्तर पर आकर उससे बातचीत शुरू करती थी। कार्यकर्ता कुछ ही देर मे उनसे बातचीत करता हुआ सहज हो जाता था।अपनी मन की बात कहने लगता था। और जो पूर्वाग्रह वह पालकर लाता है। वह उनकी आत्मीयता की नदी में घुल जाता था। उनकी संगठनात्मक क्षमता गजब थी। वे जिससे मिलती थी वह उनका हो जाता था। कभी कभी यह सोचकर यकीन नहीं होता कि राजमाता हमारे बीच नहीं है। उनकी चैतन्यता और उनकी आत्मीयता मेरी स्मृतियों में आज भी उतनी ताजी है जितनी सालों पहले थी। उनके योगदान को पार्टी हमेशा याद रखेगी। उनकी स्मृतियां मेरे लिए सम्मान का विषय है और मेरे लिए अमूल्य निधी है। उनकी जनशताब्दी पर 100 रुपये के सिक्के को माननीय प्रधानमंत्री के हाथों देश को लोकार्पित करते देखकर हम सब गौरवान्वित हैं।

जयंती पर विशेष

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बदनाम सदा बजते घुँघरू पायल पाजेब

बदनाम सदा बजते घुँघरू पायल पाजेब बँधते नूपुर मधुर झंकार सधवा श्रृंगार राणा की मर्यादा असह्य बेड़ियाँ उतार पायल बाँधती घुँघरू प्रेममयी मीरानाची गली-गली।
अंशु विनोद गुप्ता

सिय राम मय सब जग जानी; करहु

सिय राम मय सब जग जानी; करहु प्रणाम जोरी जुग पानी। तुमसे

आस लगी बजरंगी, तुम पर ही है भरोसा बजरंगी। तुम ही पार लगाते सबको, तुम ही खेवनहार राम भक्त हनुमान। भूत प्रेत सब डर से कांपे, साधू सन्त नाम तुम्हारे जापे। संकट हरते ,सब सुख करते, राम चरण अनुरागी सबके कष्टों को हरते।। **शोभा त्रिपाठी**

खास पाती | मेरे दर्द ए दिल का जो हाल

मेरे दर्द ए दिल का जो हाल है! तेरे इश्क़ का ही कमाल है!! क्यूँ न हिज्र में है चुभन कोई, मुझे सिर्फ़ इसका मलाल है!! ये जो आंसुओं की लड़ी लगी, तेरी याद अब भी बहाल है!! रगे खूँ तड़पता है वस्ल को, तेरे लम्स का ही उबाल है!! है ये किसतरह की मुहब्बतें, न फ़िराक़ है न विसाल है!! गए दिन वो कितने हसीन थे, अभी हर घड़ी ही जवाल है!! तू जिसे समझता है हर्फ़भर, मेरे सोज़े दिल का ख़याल है!!
रूबी झा 'कमल'

एक उदास शाम और कविता

एक उदास शाम और कविता लिखना चाहती हूँ एक कविता उस अधूरे उदास शाम पर भी पर हर बार ही नहीं लिख पाती न जाने क्यूँ शब्द खो से जाते हैं हर बार रह जाती है अधूरी ही उन आधे अधूरे खाली कप की तरह ही जो आधी बची रह गयी उस दिन शायद उस आधे प्रेम की तरह ही इनकी भी शायद यही नियति है आधा चाँद आधी रात आधी बात और आधे अधूरे से हम तुम। **डेज़ी जासवाल**

ऐ बेदर्दी मेरे प्यार को अंजाम

ऐ बेदर्दी मेरे प्यार को अंजाम न मिला, दिल ए नादान की पहचान को अंजाम न मिला, मैंने हर शाम तेरे नाम से गुजारी थी, बद्र- ए- चांद के पैग़ाम को अंजाम न मिला, कभी पाबंद था दिल के कभी दिल की पनाह, बे इत्तिफाकी में बे दाग़ को अंजाम न मिला, चलेगा दौर कभी बज़्म में मुहब्बत का, कहेगे लोग बे ज़र था अंजाम न मिला। बद्र ए चांद-पूर्णिमा का चंद्र बे इत्तिफाकी-आपसी मतभेद बे दाग़-निर्दोष बज़्म- सभा बे ज़ार- कंगाल। **हेमराज सिंह**

आप तो गुलशन उठा लाए सजाने

आप तो गुलशन उठा लाए सजाने के लिए,पाक अज़्मत से हमें दिल में बसाने के लिए, इस ज़हानत इस अज़ियत ने नयी खुशियाँ भरी -आ गए तक़दीर में तुम झिलमिलाने के लिए। **सुवर्णा परतानी**

डर कर अंधेरी रात से बुझते दिये

डर कर अंधेरी रात से बुझते दिये नही, हम देख पाएंगे गुनाह मुंह सिये नही इस वक्त आप हैं सदर फरियाद तो सुनें, लोगों की बोलता हूं मै, अपने लिये नही हमको हमारी राह की मंजूर मुश्किलें, ये रंज तो नही कि हम खुलकर जिये नही ले आए तेरे दर पे मुझे पांव आदतन, तुमसे मेरी उम्मीद को कुछ चाहिये नही। **निश्चय वाजपेई**

किससे हुआ प्यार, कहां हुआ प्यार

किससे हुआ प्यार, कहां हुआ प्यार, क्यों हुआ प्यार, कब हुआ प्यार, कैसे और किस लिए हुआ प्यार, क्या करेंगे बूझ कर। क्या यही प्रयास नहीं की हो गया है प्यार। फिर प्रयास है, फिर हो गई बात, फिर मिल गई कुंजी और खुल गया ताला, अनंत संभावनाओ का अनंत आकाश का अनंत प्रकाश का। **राकेश मिश्रा**

कहाँ भरा कब किसका पेट

कहाँ भरा कब किसका पेट, चाहे बन जाएं बिलगेट भाग-दौड़ में बीता जीवन, हुआ न फिर भी अब तक सेट इच्छाओं का अंत न दिखता, मारा-मारा तभी तो फिरता स्पीड बढ़ाता,फिर रुक जाता, डरता मन होजाती लेट मेहनत तो करते हैं सारे, फिर भी सबका अलग है फेट बात समझ में उसदिन आई, कहा एक ने करले वेट बदलेगा दिनमान भी तेरा, आयेगा इक नया सवेरा कौनसी दुनियां में अब जाऊँ, दिखते मुझको सब अपसेट। **जे डी कुदाल**

QUIZ TIME

1) डिजिटल करेन्सी बिटक्वाइन को सर्वप्रथम किस देश ने वैधता प्रदान की थी? (चीन / जापान)

2) जर्मनी और पोलैण्ड के मध्य कौन-सी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा है?

3) वास्तुशास्त्र के मूल उपदेश वाराहमिहिर के किस पाठ में उल्लिखित हैं?

4) मराठा परिसंघ के किस अध्यक्ष ने 1802 में लॉर्ड वैलेस्ले के साथ 'बासैन की संधि' पर हस्ताक्षर किए थे?

5) भारत की पहली महिला एयर वाइस मार्शल का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) जापान (2) ओडर-नीसे रेखा (3) बृहत संहिता (4) पेशवा बाजीराव द्वितीय (5) पद्मा बंदोपाध्याय

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 12 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- 1860 - ब्रिटेन और फ्रांस की सेना ने चीन की राजधानी बीजिंग पर कब्जा जमाया। 1908 - प्रसिद्ध वैज्ञानिक आत्माराम का जन्म। 1911 - महान भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी विजय मर्चेन्ट का जन्म। 1919 - भारतीय जनता पार्टी की प्रसिद्ध नेता विजयाराजे सिंधिया का जन्म। 1935 - प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, पंजाब के राज्यपाल एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल का जन्म। 1938 - प्रसिद्ध उर्दू शायर और गीतकार निदा फ़ज़ली का जन्म। 1967 - भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया का निधन। 1992 - मिस्र की राजधानी काहिरा में भूकंप से करीब 510 लोगों की मौत।1997 - अल्जीरिया के सिदी दाउद में 43 लोगों का नरसंहार हुआ। 1999 - पाकिस्तान में सेना द्वारा तख्ता पलट के बाद जनरल परवेज मुशर्रफ़ सत्ता पर क़ाबिज़, संयुक्त राष्ट्र की गणना के अनुसार छह अरबवाँ शिशु का सरायेवों में जन्म, अंतरिक्ष अन्वेषण यान गैलिलियो बृहस्पति ग्रह के ज्वालामुखीय चन्द्रमा आई.ओ.के. नजदीक पहुँचा। 2000 - अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' फ़्लोरिडा से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित।2001 - संयुक्त राष्ट्र और उसके महासचिव कोफी अन्नान को संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई। 2002 - यूरोपीय पर्यवेक्षकों ने पाकिस्तान में सम्पन्न चुनावों में धांधली का आरोप लगाया। 2002 - बाली के एक नाइटक्लब में आतंकवादी हमले में 202 लोगों की मौत।

न्यूज गैलरी

पुलिस ने छापामार कार्यवाही कर 8 जुआरियों से 61.150 रूपए किए जप्त

डोंगरगढ़। पुलिस के उच्य अधिकारीयो के दिशा- निर्देश पर थाना प्रभारी अलेक्जेंडर किरो के नेतृत्व में क्षेत्र में जुआरियो पर बडी कार्यवाही की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना एंव काइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए गत दिनों क्षेत्र लमानीभाठा स्थित लिल्हारे फार्म हाउस पर छापामार कार्यवाही कर मौके पर से 8 जुआरियों अरूण पिता ललेश्वर मारकंडे उम्र 28 वर्ष निवासी हरदीटेका ,बिटटु पिता राकेश कुंजाम उम्र 21 निवासी मोहरा, भूपेंद्र पिता शेरसिंग वर्मा उम्र 29 वर्ष हरदीटेका, धनराज पिता राजा साहु उम्र 30 निवासी बाकल, अभिलाष पिता एडिकला इब्राहम उम्र 42 अनुपम नगर राजनांदगांव , खेमचंद पिता भरतलाल उम्र 31 निवासी हरदीटेका, दिलीप पिता जीवनदास बंजारे 42 वर्ष हरदीटेका , सुरेश पिता शिवकुमार उम्र 34 वर्ष निवासी सुकुलदैहान को धरदबोचा है उक्त कार्यवाही में पुलिस को जुआरियो के पास से 61.150 व 52 पत्ति, 6 नग मोटर साइकिल एंव मोबाइल फोन भी जप्त करने में बडी कामयाबी मिली है पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्व अपराध क्रमाक 450/2020 धारा 13 जुआ एक्ट कायम किया है इस कार्यवाही में थाना स्टाप व क्राइम ब्राच की टीम शामिल थी।

पत्रकारों की न्याय यात्रा का मेरा समर्थन - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़। जेसीसीजे के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विष्णु लोधी ने पत्रकारों की न्याय यात्रा का समर्थन किया है विष्णु लोधी ने कहा कि जिस राज्य में दबे कुचलो की आवाज को बुलंद करने वाले पत्रकारों की ही आवाज दबा दी जाए और उन्हे अपने हक की लडाई के लिए सडक पर उतरना पड रहा है उन सभी पत्रकार भाइयों के साथ मैं छत्तिसगढ जे की ओर से पत्रकार न्याय यात्रा का समर्थन करता हॅु ।

मनीषा बाल्मीकि को न्याय दिलाने के लिए ओम प्रकाश कोसरिया ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

खरोरा। ब्लाक अनुसूचीत जाति कांग्रेस खरोरा के ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश कोसरियां के नेतृत्व मे मनीषा वाल्मीकि को न्याय दिलाने और आरोपीयो को सजा दिलाने कि मांग को लेकर महामहिम राष्ट पति जी के नाम खरोरा नायाब तसीलदार के हाथो मे ज्ञापन सौपा गया जिसमे विधायक के प्रतिनिधि के रूप मे मा : हर्षित शर्मा. ब्लाक अध्यक्ष देवव्रत नायक .मुकेश भारद्वाज .अनु:जाति जिला उपाध्यक्ष खूबी डहरिया :सुशील जांगड़े .सुधीर बांधे .सुमित मार्कण्डेय .भावेन्द चतुर्वेदी .गोपी घृतलहरे .राजा बंजारे .भरत साहू .गैंड दास टंडन .राकेश कुर्रे .जीयेण्द्र सोनवानी .भूपेन्द्र कुर्रे .रूपनारायन .अण्जोरी .दिनेश नायक .हेमलाल कुर्रे .आदि कॉग्रेसी कार्यकर्ता उपसीस्थ थे।

कृषि विभाग की टीम ने बेरला एवं कोदवा के कीटनाशी दुकानों का किया निरीक्षण

बेमेतरा/साजा। शासन के निर्देशानुसार जिले में नकली कीटनाशक विक्रय की रोकथाम हेतु जिला एवं विकासखंड के निरीक्षण दल द्वारा विकासखंड बेरला के मधुर कृषि केन्द्र बेरला, दुर्गा कृषि केन्द्र बेरला, महेश ट्रेडर्स कोदवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण विक्रेताओं को कीटनाशी नियम के तहत श्रोत के आधार पर कीटनाशक का भण्डारण करने, कृषको को कीट एवं रोग की पहचान कर कीटनाशक विक्रय करने एवं पाक्षिक प्रतिवेदन भेजने, मूल्य सुची, स्कंध संधारित करने हेतु निर्देशित किया गया। कृषको को जैवकीटनाशकों के नाम पर गलत कीटनाशको का विक्रय नही करने निर्देश दिया गया है। निरीक्षण दौरान महेश ट्रेडर्स कोदवा द्वारा बिना स्त्रोत जुडवाये कीटनाशको का विक्रय, स्कंध संधारित न होना एवं अन्य अनियमितता पाये जाने के कारण प्रतिबंधित का स्पष्टीकरण दिया जा रहा है। संतोषजनक प्रति उत्तर प्राप्त न होने पर अनुज्ञप्ति पत्र निरस्त किया जावेगा। उप संचालक कृषि बेमेतरा एम.डी. मानकर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बेरला हेमंत बघेल, आर.के. वर्मा, दौलत साहू के द्वारा निरीक्षण किया गया।

सम्बलपुर में हुआ कोविड 19 सर्वे

साजा। गुरुवार को कोरोना सघन सामुदायिक सघन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किये जाने हेतु छत्तीशगढ़ शासन के आदेश के अनुसार घरो में जाकर सघन सामुदायिक सर्वे कर सभी कोविड 19 लक्षण युक्त मरीज़ों को जल्द से जल्द त्वरित उपचार किये जाने हेतु सर्वे कार्य साजा ब्लाक के ग्राम संबलपुर में किया। जिसमे मोहित चंद्राकर संस्था प्रमुख शा प्राथमिक शाला सम्बलपुर, शतरूपा वर्मा मितानिन, कुमारी बाई, डोमिन वर्मा आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, कुंती साहू सहायिका उपस्थित थे।

दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास जी राजस्थान करौली में मंदिर के पुजारी बाबू लाल वैष्णव के परिवार को करेंगे आर्थिक मदद

बेमेतरा/साजा। छतीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री के दर्जा प्राप्त दुधाधारी मठ के राजेश्री महंत राम सुंदर दास राजस्थान के करौली में मंदिर के पुजारी बाबूलाल वैष्णव के परिवार से मिलकर उन्हें करेंगे मदद, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सौरभ निर्वाणी एवम आलोक पांडेय ने कहा है कि राजस्थान के करौली गाँव के पुजारी बाबूलाल वैष्णव की जमीन के लालच में आपराधिक तत्वों द्वारा जिंदा जला दिए जाने की घटना से पूरे वैष्णव ब्राह्मण समाज में आक्रोश है, पंडित पुजारी महंत और संत, धर्माचार्य, किसी एक समाज के नही होते अपितु पूरी मनुष्यता को अपना जीवन आहूत कर देते हैं, डॉ. निर्वाणी ने बताया कि वैष्णव सम्प्रदाय दूधाधारी मठ के महंत राम सुंदर दास जी ने निर्णय लिया है कि पुजारी बाबूलाल वैष्णव के परिवार को राज्य भर के वैष्णव ब्राह्मण समुदाय के मंदिरों और मठों के सहयोग और आर्थिक अंश दान से 2लाख रुपये की आर्थिक मदद छत्तीसगढ़ से की जाएगी, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ सौरभ निर्वाणी ने इस हेतु निर्मोही अखाड़ा के महंत नरेंद्र दास जी जो अखाड़ा परिषद के सचिव है।

एबीवीपी बेमेतरा में फुटा गुस्सा, बढ़ते दुष्कर्म पर बलात्कारियों का पुतला दहन

साजा। प्रदेश में पिछले कई दिनों से बलात्कार, छेड़छाड़ जैसे कई दुष्कर्म बढ़ते जा रहे हैं। इसी बीच प्रदेश के बलरामपुर जिले के गैसड़ी कोतवाली के गांव में दलित छात्रा के साथ हुई दरिंदगी की घटना सामने आई है, साथ ही उत्तर प्रदेश के हाथरस में इसी प्रकार के घटना हुई। विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बेमेतरा के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया है वह आरोपियों का पुतला भी जलाएं। ज्ञात हो जिला बेमेतरा में भी इसी प्रकार के घटनाएं पिछले दिनों में कई घटित हुई हैं जिस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने लगातार आवाज उठाते आ रहे हैं। जिले में भी इस प्रकार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, बेमेतरा में कई कॉलेज केंपस वाह स्कूल हैं, जिस पर दूर-दूर से छात्राएं पढ़ने के लिए आते हैं। परंतु प्रदेश में हो रहे इस प्रकार की घटनाएं छात्राओं के लिए एक प्रकार से विचलित करने वाले हैं जिस विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बेमेतरा ने नगर मंत्री दुर्गेश वर्मा के नेतृत्व में बेमेतरा के सिग्नल चौक में बलात्कारियों का पुतला दहन किया व अभाविप नगर मंत्री दुर्गेश वर्मा ने कहां कि इस प्रकार की घटनाएं जिले में भी विगत कई महीनों से बड़े हैं। अतः शासन भी विषय को लेकर समीक्षा कर विशेष कदम उठाएं वाह इस प्रकार की घटनाएं होने पर त्वरित कार्यवाही कर शासन को 30 दिनों के अंदर ऐसे घटनाओं पर कठोर से कठोर सजा सुनाए उक्त विषय को लेकर हम आज आरोपियों का पुतला दहन किया गया और मांग की गई कि इस प्रकार की घटनाएं आगे ना हो सके। इस अवसर पर विभाग सह संयोजक मनोज वैष्णव नगर सहमंत्री बादल पाटिल, रौनक चावला, मुस्कान कोठारी, पोषण वर्मा, केशव गोस्वामी, हर्ष सोनी, लवकुश, आफताब खाँ, पुण्यांश, शिवम दीवान, विकास दुबे, पेखम साहू, तुषार साहू, राहुल साहू, विनय पटेल, वीरेंद्र साहू, गजेंद्र साहू, राहुल साहू, अनुराग साहू, भानु प्रताप साहू , डिगेस्वर, हेमलाल वर्मा, सौरभ सिंह, देवांशु निर्मलकर व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कोरोना के चलते फीकी रहेगी नवरात्रि

नवप्रदेश संवाददाता

बोड़ला। इस बार सारे त्योहारों पर कोरोना का असर पड़ रहा है ,होली के तुरंत बाद आई इस महामारी ने इस वर्ष के सारे उत्सव व त्यौहारों पर जमकर प्रभाव डाला है। होली पर्व पर इसकी कम आंच आई थी लेकिन होली भी कोरोनावायरस के प्रभाव से बच नहीं पाया था। लोगों में कोरोना के डर के चलते बाजार पर पूरा असर पड़ा था ,जिसके चलते लोग खरीदारी के लिए कम निकले फल स्वरुप कोरोना का असर साफतौर पर बाजार पर पड़ा था। इस बार गणेश उत्सव पर भी इस महामारी की पूरी मार पड़ी थी पूरे अंचल सहित नगर के हर गली चौक चौराहा में गणेश की मूर्ति की स्थापना की जाती थी और बड़े धूमधाम के साथ 11 दिन के गणेश उत्सव को मनाया जाता था। लेकिन कोरोनावायरस ने इस बार अंचल में गणेश पूजा के प्रति लोगों के उत्साह को कम कर दिया था।

मूर्ति कारों पर बड़ी मार

हर साल नवरात्र एवं गणेश उत्सव पर मूर्तियां बना कर अपना रोजी-रोटी चलाने वाले मूर्ति कारों के लिए कोरोना कहर बनकर टूटा है। गणेश उत्सव के बाद अब दुर्गोत्सव नवरात्रि में भी लोग मूर्ति बनवाने के प्रति रुचि नहीं ले रहे नगर के मूर्तिकार दीपक कुंभकार और रुपेश कुंभकार नंद कुंभकार आदि ने बताया कोरोना संक्रमण के चलते इस बार गणेश उत्सव और दुर्गोत्सव में कम मूर्तियां बनाने से उनकी कमाई पर काफी असर पड़ा है। पहले गणेश उत्सव के पहले से ही उनका पूरा परिवार दीपावली तक 6 महीने तक मूर्ति निर्माण कार्य में अपना समय देते थे। लेकिन इस बार एक दो महीना ही काम चला है जिनसे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है ,इस बार 60 से 70 फ़ीसदी का नुकसान उनको झेलना पड़ रहा है जिससे उनको परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

गाइडलाइन से भी बढ़ रही है परेशानी

गणेश उत्सव के बाद इस बार नवरात्रि में भी शासन प्रशासन द्वारा कड़े दिशा निर्देशों की चलते पंडालों में समितियों के माध्यम से मूर्ति पूजा के निर्देश जारी किए गए है। कोरोना काल में दुर्गा पूजा के पंडालों एवं समितियों के अलावा मंदिर एवं देवालयो में इस बार नवरात्रि में लोगों में उत्साह नहीं दिख रहा है। इस विषय में बांधा टोला शनि मंदिर के पुजारी नारायण प्रसाद पांडे ने बताया की लाकडाउन व कोरोनावायरस संक्रमण के चलते 6 माह से मंदिर बंद है और पूजा पाठ भी पूरी तरीके से प्रभावित रहा है गणेश पूजा भी पूरी तरीके से प्रभावित था ,ऐसे में दुर्गा पूजा नवरात्रि में स्थिति सामान्य हो जाने की अपेक्षा थी। लेकिन संक्रमण कम ना होने के चलते व शासन प्रशासन के कड़े दिशा निर्देश के चलते इस बार समितियों द्वारा कम संख्या में मूर्तियां स्थापित की जा रही शासन प्रशासन के गाइडलाइन दुर्गा पूजा के पंडाल में असर डाल रहे हैं। छोटी-छोटी समितियां शासन प्रशासन के तय किए गए दिशा निर्देशों के पालन करने में समर्थ नहीं है अतः इस बार पूजा पाठ में लोगों की रुचि कम रहेगी।

मुक्तिधाम में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण

महासमुंद। वार्ड-29 भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में चल रहे सौंदर्यीकरण का निरीक्षण पार्षद निखिलकांत साहू ने अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर की उपस्थिति में किया और निर्माण कार्य में गुणवत्ता के लिए निर्देश दिया। निखिलकांत साहू ने बताया कि वार्ड 29 का मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण महासमुंद जिले के लिए उदहारण बनने जा रहा है। लंबे वक्त से मुक्तिधाम जर्जर हालत में है और दाह संस्कार में नगरवासियों को असुविधा होती थी।

मरीज और उनके परिजनों के साथ चिकित्सकों ने मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

महासमुंद। हर साल की तरह इस बार भी मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शनिवार 10 अक्टूबर 2020 जब जिला चिकित्सालय के स्पर्श क्लीनिक में मरीज और उनके परिजनों के साथ सोशल डिस्टिनसिंग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. परदल ने कहा कि यहां सोचने वाली बात यह है कि मनोविकार की मूल जड़ तनाव और परेशानियां हैं और ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है ।जिसके जीवन में ये दोनों समस्याएं कभी न आई हों। लेकिन, सभी तो मनोरोगी नहीं हो जाते। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि जागरूक लोग मनोविकार को पनपने नहीं देते और यदि दिक्कत आ भी जाए तो वे बिना संकोच इन्हें दूर करने के प्रयास में लग जाते हैं। इसमें चिकित्सकीय परामर्श और स्वस्थ पारिवारिक माहौल दोनों की भूमिका अहम होती है। इसलिए अब भी जिन लोगों के जहन में मनोविकार को लेकर भ्रांतियां बनी हुई हैं उन्हें दूर करना बेहद जरूरी है। ताकि मनोरोगों से पीड़ित सभी मरीजों को स्वास्थ्य लाभ की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

इस क्रम में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर ने बताया कि मनोविकारों को लोग अक्सर छिपाते हैं और अवसाद धीरे-धीरे बढ़ कर मनोरोग में तब्दील हो जाता है। इसके बाद भी कुछ लोग लापरवाही करते हैं और उपचार नहीं कराते। जिससे कभी-कभी कुछ मरीज आक्रामक हो जाते हैं तो कुछ अत्महत्या जैसे कदम भी उठा लेते हैं। यहां, जरूरत है कि हम मनोविकार के लक्षण जैसे मरीज का अचानक से अलग वर्ताव करने लगना, आहार लेना बहुत कम या बंद कर देना, हमेशा चिडचिडा या गुमसुम रहना, नकारात्मक बातें करना या बोल-चाल ही बंद कर देना आदि को पहचानें और मरीज के साथ शांति एवं सहानुभूति से पेश आएं।

कोरोना संक्रमण से बचाव: नियमों का पालन करें : ऋषि शर्मा

■ प्रमुख मार्गो में पैदल घुम-घुमकर लोगों से सावधानी बरतने अपील

कवर्धा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा की अगुवाई में आज कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जागरूकता अभियान के तहत प्रमुख मार्गो पर पैदल चलकर लोगों से कोरोना संक्रमण न फैले इसके लिए शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने अपील की। विदित हो कि कोरोना संक्रमण रोकथाम के लिए शासन द्वारा इस अक्टूबर माह में कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान चलाया जा रहा है तथा लोगों में जागरूकता लाने हेतु प्रयास किया जा रहा है ताकि लोगों को कोरोना जैसे महमारी से दूर रखा जा सके।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने आज कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग टीम व नगर पालिका टीम के साथ शहर के प्रमुख मार्गो पर पैदल चलकर लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव व दुकानों में नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया। जागरूकता अभियान एकता चैक से निकलकर हैदर दुकान होते हुए शीतला मंदिर पहुंची। आसपास के लोगों को जागरूकता लाने व किसी प्रकार की लक्षण होने पर तुरंत कोविड जांच सेंटर में जांच कराने को कहा। शीतला मंदिर से जागरूकता रैली प्रमुख मार्गो से होते हुए सराफा लाईन, ऋषभ देव चैक, महावीर स्वामी चैक, आजाद चैक, गुरूनानक चैक, नवीन बाजार चैक, रायपुर रोड़, दर्री पारा, बिलासपुर रोड़ से वापस एकता चैक पहुंची। रैली के दौरान नगर पालिका के जनप्रतिनिधिगण सभी दुकानदारों को जागरूकता संबंधी पाम्पलेट देते हुए हाथ जोड़कर कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु शासन के दिशा-निर्देशों का पालन अवश्य करें ताकि कोरोना संक्रमण से कवर्धा शहर पूरी तरह से मुक्त हो सके। नगर पालिका अध्यक्ष ने व्यापारियों से निवेदन किया दुकानों मे सैनेटाईजर का उपयोग, अनिवार्य रूप से मास्क पहनने व सोशल डिस्टेसिंग का अनिवार्यता पालन करने को कहा।

79 मरीज कोरोना पॉजीटिव

महासमुंद। शनिवार को जिले में कोरोना पॉजीटिव की संख्या 79 रहीं। वहीं, 21 मरीज के स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किए गए। इस तरह कोरोना पॉजीटिव की संख्या 3341, स्वस्थ होकर कुल डिस्चार्ज की संख्या 2356 हो गए। अब तक कुल मृत्यु की संख्या 44 है। शनिवार को महासमुन्द तहसील से 27, बागबाहरा 03, पिथौरा 03, बसना 25 और सरायपाली तहसील से 21 रहे।

स्टोन फैक्ट्री से पंप और केबल पार

महासमुंद। साराडीह स्थित सांई स्टोन फेक्ट्री में गत दिनों अज्ञात ने मोटर पंप, केबल वायर सहित करीब 50 हजार रुपए से अधिक की चोरी कर ली। फेक्ट्री संचालक संतुराम यादव पिता घनाराम (33) ने कोतवाली पुलिस में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होनें बताया है कि फैक्ट्री से अज्ञात ने एक पंप, 5 नग स्टार्टर, 4 टेबल पाईप सहित करीब 50 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

डोंगरी में मिली अधेड़ की लाश

महासमुंद। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडाडोंगरी में लकड़ी लेने गए अधेड़ की लाश मिली। जानकारी के मुताबिक बाबूलाल विश्वकर्मा पिता बिरंची (58) शनिवार सुबह लकड़ी लेने गया था। दोपहर उनकी लाश मिली। ग्रामीण की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

घायल की इलाज के दौरान मौत

महासमुंद। सड़क दुर्घटना में घायल हुए अधेड़ की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक डोकरपाली निवासी प्रेम कुमार दीवान पिता रामप्यारे (59) शुक्रवार को एनएच 353 में भीमखोज के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

शराब बेचते पकड़ाया

महासमुंद। ग्राम बेलसोंडा स्थित स्टेडियम के पास शराब की अवैध बिक्री करते हुए पुलिस ने एक वृद्ध को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक पवन कुमार धीवर पिता स्वर्गीय बोहरण (63) स्टेडियम के पास शराब की अवैध बिक्री कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके पास 3240 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1440 रुपए को जब्त कर आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की।

पिकअप में तीन युवकों से 99 पौवा शराब बरामद

महासमुंद। बागबाहरा वार्ड 10 नवागांव में पुलिस ने 99 पौवा गोवा शराब जब्त कर तीन युवकों के खिलाफआबकारी एक्ट 34(2) के तहत कार्रवाई की है। साथ ही परिवहन के लिए उपयोग किए गए पिकअप वाहन को भी जब्त किया गया। मुखबिर की सूचना पर शनिवार को सिलापडेरा धान फड़ के पास पिथौरा रोड में अजय यादव पिता नीलकंठ यादव (20) संजय चंद्राकर पिता प्रहलाद चंद्राकर (20), दुष्यंत चंद्राकर पिता भैयाराम चंद्राकर (34) सभी वार्ड 10 नवागांव बागबाहरा निवासी के कब्जे से 99 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती 11880 रूपए व परिवहन में प्रयुक्त एक पिकअप (छोटा हाथी) नीले रंग की क्रमांक सीजी 06 जीई 9882 कीमती एक लाख रूपए जब्ती में लिया गया। आरोपियों को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्रवाई में जनकलाल पटेल, बिसाली राम ध्रुव, ललित पटेल, विक्रम लहरे, हरीश साहू, एकलव्य बैस, चालक विरेन्द्र तिवारी का योगदान रहा।

वर्चुअल रैली में शामिल हुए कांग्रेसी

बोड़ला। केंद्र सरकार के द्वारा लाए गए कृषि बिल को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश भर में जगह जगह पर कृषि बिल का भारी विरोध करने का सिलसिला जारी है इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार किसान मजदूर बचाओ वर्चुअल रैली का आयोजन राजधानी के राजीव भवन से किया गया। इसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश प्रभारी पी एल पुनिया प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम स्थानीय विधायक एवं वन मंत्री अकबर भैया के साथ प्रदेश कांग्रेस सरकार के सभी मंत्री व विधायक शामिल हुए थे सभा को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कवर्धा विधानसभा के विधायक व वन मंत्री मोहम्मद अकबर कृषि मंत्री रविंद्र चौबे सहित समस्त मंत्रियों ने अपने संबोधन में केंद्र के द्वारा लाए गए कृषि कानून को किसान विरोधी करार देते हुए इस बिल को लागू न करने के संबंध में अपनी अपनी राय दी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी दीपक मागरे ने बताया प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित वर्चुअल रैली को सुनने के लिए बोड़ला तहसील के दोनों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बोड़ला एवं रेंगा खार के ब्लॉक अध्यक्ष क्रमश अजमत उल्लाह खान एवं प्रभाती मरकाम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता जनपद पंचायत के पीआरसी भवन में इकट्ठा हुए उन्होंने रैली में प्रदेश स्तर के नेताओं के द्वारा किसान विरोधी कानून के संबंध में जानकारी प्राप्त किया।

धान खरीदी नवंबर माह से प्रारंभ करने, सभापति राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में होगा आगाज

बेमेतरा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 में चलेगा हस्ताक्षर अभियान

बेमेतरा/साजा। धान खरीदी नवंबर माह से प्रारंभ करने के लिए प्रदेशभर से मांग उठ रही है। किसान संगठन सहित राजनीतिक पार्टी भी इसके लिए प्रयासरत है। जिला पंचायत बेमेतरा क्षेत्र क्रमांक 13 के जिला पंचायत सभापति एवं अंकुर समाज सेवी संस्था के प्रदेश संयोजक राहुल योगराज टिकरिहा के नेतृत्व में उनके साथियों द्वारा किसानों से मुलाकात कर नवंबर माह से धान खरीदी प्रारंभ करने के लिए लिखे गए आग्रह पत्र में किसानों द्वारा हस्ताक्षर कराकर राज्य सरकार को भेजा जाएगा। विगत दिनों जिला पंचायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा ने किसानों के बीच उनके खेत में जाकर फसल कटाई कर रहे किसानों एवं मजदूरों से भी बात की थी। तब किसानों ने भी धान रखने को लेकर होने वाले समस्या से भी उन्हें अवगत कराया था। सभापति टिकरिहा ने फसल काट रहें मजदूरों का वीडियों भी सोशल मीडिया के माध्यम से जारी किया था। सभापति टिकरिहा ने बताया कि नवंबर माह से धान खरीदी प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविंद्र चौबे को किसान भाई-बहनों के हस्ताक्षर सहित आग्रह पत्र भेजा जाएगा। आगे उन्होंने ने कहा कि हमने विगत वर्ष हुए समस्या और इस वर्ष होने वाले समस्या को देखते हुए 8 बिंदुओं के आधार पर ये मांग कर रहें है। निश्चित तौर पर हम सबकी ये मांग जायज है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे किसान पुत्र है किसान के हित को देखते हुए जो 1 दिसंबर 2020 से धान खरीदी प्रारंभ करने का निर्णय लिए है उसे जरूर नवंबर माह से धान खरीदी प्रारंभ करने के लिए पुनः आदेशित करेंगे।

आग्रह पत्र के प्रमुख 8 बिंदु

1. पूर्व सभी सत्र में धान कि खरीदी नवंबर माह के प्रथम या मध्य में प्रारम्भ की जाती रही है।
2. इस वर्ष अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से ही फसल कटाई चालू हो चुकी है।
3. फसल कटने के बाद किसानों के पास पहले जैसे फसल को रखने का व्यवस्था वर्तमान समय में नहीं है।
4. चालू वर्ष में लगातार बेमौसम बरसात हो रहा है जिससे फसल खराब होने की आंशका है।
5. पिछले वर्ष प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट तय कर देने से किसानों को बहुत समस्या हो रही थी।
6. धान खरीदी डाटा कंप्यूटरीकृत होने के कारण सर्वर डाउन की भी समस्या आए दिन होता रहता है।
7. पूर्व वर्ष में रखी गयी खरीदी सीमा को दूर करें क्योंकि बीते वर्ष लगातार किसानों के द्वारा चक्काजाम किया गया तब जाकर शासन द्वारा खरीदी समय बढाया गया था।
8. बीते वर्ष बारदाने के कमी के चलते किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा था। यह समस्या फिर उत्पन्न न हो इसके लिए बारदाने की आपूर्ति सुनिश्चित हो।

सोशल मीडिया में आपत्तिजनक कार्टून, टिप्पणी से मचा बवाल

■ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कि कार्यवाही की मांग

गंडई पंडरिया। आरएसएस प्रमुख राष्ट्रपति पूर्व मुख्य न्यायाधिपति प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री के संबंध मे सोसल मीडिया मे आपत्ति जनक कार्टून बनाकर टिप्पणी किए जाने से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओ ने बवाल मचा दिया है उन्होने उनका विरोध करते हुये स्थानीय थाने मे इस तरह कि टिप्पणी करने वाले के खिलाफ त्वरित कार्यवाही कि मांग को लेकर शिकायत दर्ज करते हुये कार्यवाही करने कि मांग की है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गंडई शाखा के पदाधिकारियों ने 10 अक्टूबर को जन सेवा समिति छुईखदान के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से मनोज चौबे द्वारा कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने पर कड़ी कार्यवाही की मांग गंडई थाना प्रभारी से की गई है।

गंडई पुलिस को सौंपे ज्ञापन में उल्लेखित किया है कि मनोज चौबे निवासी छुईखदान द्वारा सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप के जन सेवा समिति छुईखदान की ग्रुप के माध्यम से राष्ट्रपति पूर्व न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय प्रधानमंत्री केंद्रीय गृह मंत्री को अपमानित किया गया है जिसमें लाखो करोड़ों स्वयंसेवकों को गहरा आघात पहुंचा है उक्त कृत्य के संबंध में आरोपी मनोज चौबे के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर भारतीय दंड संहिता एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिकायत करने वालों में प्रमुख के रूप से संजय अग्रवाल, अश्वनी ताम्रकार, टेकन देवांगन, श्यामपाल ताम्रकार, खम्मन ताम्रकार, विक्की अग्रवाल, दूजे राम वर्मा, राकेश ठाकुर, राकेश जायसवाल, मयंक सुराना, लीला राम साहू, रामा साहू, मनीष सोनी, जीवन वर्मा, एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल है।

बलवा मामले में 23 आरोपी को रिमांड पर भेजा गया जेल

गंडई पंडरीया। नगर पंचायत गंडई के रावण पारा मे गत रात्री दो पक्षो मे पुरानी रंजिस को लेकर हुई मारपीट के मामले मे बलवा कर शांति भंग करने वाले 23 आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडीशियल रिमांड पर जेल भेज दिया। गंडई पुलिस सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब 8 :30 बजे को रावण पारा गंडई मे दो पक्षो मे पुरानी रंजिस को लेकर लाठी, डंडा लेकर घर के अंदर घुसकर मारपीट किया गया है जिस पर दोनों पक्षो के 23 आरोपियों के खिलाफभादवी की धारा 452, 147,148, 294, 323, 506 कायम कर विवेचना मे लिए गया। विवेचना के दौरान आरोपिगण खुमन उर्फ खुमू मिर्चे (18), तरुण मिर्चे (19), श्री मति मलिबाई मिर्चे (40) श्रीमति ममता मारकंडे (28) कुमारी प्रियंका घृतलहरे (19) शांति बाई घृतलहरे (50) , कुमारी लाकेश्वरी (20) , कैलाश मारकंडे (18), श्रीमति रामबाई मारकंडे (65), रेशमी घृतलहरे (30), गीताराम मिर्चे (57) इसी प्रकार सिवा बंजारे (23), मनीष मारकंडे (22), रोहित मारकंडे (45), अमर दास टंडन (45), राहुल मारकंडे (25), चंद्रकुमार (35), कविता टंडन (40), अघनी मारकंडे (60), श्री मति ललिता (35), कुमारी सोनी मारकंडे (22), कुमारी पायल टंडन (20), श्रीमति काजल मारकंडे (20) को गंडई निरीक्षक शुषमा सिंह व गंडई स्टाफके द्वारा गिरफ्तार कर ज्यूडीशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

बलभद्र वार्ड में सीसी रोड का हुआ भूमि पूजन

भाटापारा। बलभद्र वार्ड में सी सी रोड का भूमि पूजन किया गया इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता ,जिलापंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर ,नगरपालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा पार्षद मेनका विक्की ठाकुर अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता सभापति सुशील सबलानी सीरीज जांगडे पार्षद दीपक निर्मलकर ,पूर्व सभापति पार्षद राजेश गुप्ता कमल ठाकुर ,पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र वर्मा ,दसरथ साहू ,विक्की ठाकुर ,जनार्दन देवांगन धनंजय देवांगन ,श्याम ठाकुर एवं अन्य वार्डवासियों के उपस्थित में भूमि पूजन कार्य सम्पन्न हुआ!

संसदीय सचिव शकुन्तला साहू ने ग्राम छेरकापुर में आदर्श गौठान एवं गली कांक्रीटीकरण कार्यों का किया भूमिपूजन

लवन। सुश्री शकुन्तला साहू संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन (कृषि ,जल संसाधन एवं जैव प्रद्योगिकी पशु धन विकास ,मछली पालन एवं आयाकट) ने कसडोल विधानसभा के ग्राम छेरकापुर में आदर्श गौठान 21 लाख 40 हज़ार रु, 2 गली कांक्रीटीकरण 10 लाख का भूमिपूजन की । इस अवसर पर सुश्री शकुन्तला साहू ने केंद्र सरकार के द्वारा जो किसान विरोधी बिल लाये है जो किसान हित में नही है पूँजीपति को लाभ पहुचाने वाली कानून है , जिनका विरोध प्रदेश सरकार एवं किसान कर रहे है , छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के साथ है ,उनके धान को 2500 रुपये में ही खरीदेंगे ।

दो अलग-अलग मामले में 15 किलो गांजा के साथ चार व्यक्ति गिरफ्तार

महासमुंद। बसना थाना अंतर्गत दो अलग अलग मामले में पुलिस ने लगभग 15 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ चार लोगो को पुलिस ने भादवि की धारा 20 ख नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंभुलकर व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली विकास पाटले के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बसना लेखराम ठाकुर के द्वारा अवैध गांजा तस्करी की कारवाई का मुहिम छेड़ते हुए 10 अक्टूबर को मुखबीर की सुचना पर आरोपी उसत उर्फमिथन साहनी पिता गदी (25) जाति महार निवासी सिकुंआ थाना देवगांव जिला बलांगीर उड़ीसा, कृष्णा कुमार उर्फजसवत तमोलिया पिता पुरंदर तमोलिया (26) जाति महार निवासी सिकआ थाना देवगांव जिला बलांगीर उड़ीसा को पकड़ा। उनके पास से प्लास्टिक बोरी में भरा अवैध मादक पदार्थ जैसे गांजा खाखी रंग के टेप सहित वजन 05 किलो ग्राम सील बंद 02 दो प्लास्टिक डिब्बा में अवैध मादक पदार्थ गांजा 100-100 ग्राम सीलबंद कुल वजन 5,120 किग्रा0 कीमत 5,20,00 रूपये एक नीला रंग की पल्सर वाहन मो0सा0- ह्ष्ठ 03ष्ठ 16178 बरामद किया गया। आरोपियो के खिलाफभादवि की धारा 20 ख नारकोटिक्स एक्ट के तहत न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया उपरोक्त कार्यवाही दरबारी राम तारम,अनिल खांडे , दाशरथी भोई, हरीशंकर साहू, मनोज बघेल का योगदान रहा । वही दूसरी घटना में मुखबीर की सुचना पर आरोपी लक्ष्मीचरण पटेल पिता मोहित पटेल (50) निवासी ग्राम कोमीर,थाना जगदल्ला,जिला बरगढ उडीसा, निर्मल पटेल पिता ब्रम्हा पटेल (27) ग्राम कोमीर,थाना जगदल्ला,जिला बरगढ उडीसा के कब्जे से 1. एक हिरो कम्पनी की सीडी डिलक्स मो0सा0 ष्टत्र 04 ॥ड्ड 5062 में प्लास्टिक की बोरी जिसमें कुल 09 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ है कीमत1,00,000/रूपये का मिला. आरोपियो के खिलाफधारा 20 ख नार0 एक्टके तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कारवाही शिवकुमार प्रसाद, राजेश सिंह सिकरवार ,चंदन यादव ,छत्रपाल पटेल ,पुरूषोत्तम ठाकुर का योगदान रहा।

कोरोना संक्रमितों की खोज में 12 अक्टूबर 2020 तक जारी रहेगा घर पहुंच सेवा वाला कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान

महासमुंद। लक्षणों की अनदेखी और उपचार लेने में विलंब की वजह से बढ़ी कोविड मृत्यु दर, अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से संयुक्त अपील की है कि यदि आपको सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी, छाती में दर्द या सांस लेने में तकलीफहै तो बिना देर किए तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाएं और कोविड-19 की जांच अवश्य कराएं। कोविड-19 की बीमारी में जरा सी लापरवाही भी इस कदर हावी हो सकती है कि देर से जांच व इलाज कराने वाले मरीजों के मामलों में तमाम जीवनरक्षक उपचार लिए जाने के बावजूद उन्हें बचाना कठिन हो जाता है। प्रदेश स्तर पर हाल में किए गए आंकलन से पता चला है कि वर्तमान में महासमुंद भी उन शीर्षस्थ पांच जिलों में है, जहां कोविड-19 पीड़ितों की मृत्यु सबसे अधिक हुई है। जिसके मद्देनजर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने स्थानीय नागरिकों को फिर एक बार सतर्क करते हुए कोविड-19 संक्रमण चेन तोड़ने की दिशा में सहयोग करने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. परदल ने बताया कि इन दिनों कोरोना संक्रमण की वैश्विक महामारी पीक पर आने की ओर दिख रही है। अब तक जिले में कोविड-19 के धनात्मक प्रकरणों में होने वाली मृत्यु का आंकड़ा 54 की संख्या तक आ पहुंचा है। जिसका मूल कारण लापरवाहीपूर्वक लक्षणों को छिपाना होता है।

बेतरतीब खड़े वाहनों से आवागमन बाधित

■ व्यापारी व ग्राहक परेशान

■ नगर पंचायत ने की कार्यवाही

गंडई पंडरिया। नगर के मुख्य 'ए' मार्केट मे वाहन चालक आए दिन बेतरतीब ढंग से सायकिल व मोटरसाइकिल को खड़े कर देते है नगर का साप्ताहिक बाजार रविवार को होता है इस दिन को बाजार का नज़ारा देखने लायक होता है दुकान के सामने वाहन खड़े कर दिये जाने के कारण व्यापारी व ग्राहको को खासा परेशान होना पड़ता है। रविवार को स्थानीय नगर पंचायत के कर्मचारी यातायात व्यवस्था सुधारने कुछ वाहन मालिको के खिलाफ कार्यवाही भी किए है और वाहनो को उठाकर ले गए कार्यवाही को देखकर लोगो मे हड़कंप भी मच गया।

उल्लेखनीय है की गंडई का साप्ताहिक बाजार अंचल के लिए प्रमुख बाजार होता है यहाँ वनांचल से लेकर दूर-दूर के ग्राहक ख़रीददारी करने पहुँचते है। गंडई का 'ए' मार्केट मुख्य व्यापारिक केंद्र है क्यूकी इसी से लगा हुआ सब्जी बाजार तथा 'बी' मार्केट भी है लोगो का हुजूम इसी क्षेत्र मे उमड़ पड़ता है। वाहनो को रखने के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग बेतरतीब ढंग से डिवाइडर के दोनों किनारो पर तथा दुकानों के सामने बेतरतीब ढंग से खड़े कर देते है इसका खामियाजा व्यापारी व ग्राहको को भोगना पड़ता है। बेतरतीब खड़े वाहनो के कारण सड़क से दुकान तक पंहुचने मे काफी मसक्क़त करनी पड़ती है।

पसरा वालो से परेशान

नगर का 'ए' मार्केट व्यस्ततम मार्ग है सैकड़ो लोगो की आवाजही इसी मर्ग से होती है भारी-भरकम वाहन भी इसी मार्ग से गुजरते है लेकिन रविवार साप्ताहिक बाजार के दिन इस मार्ग पर चलना काफी दूभर हो जाता है क्यूकी सड़क किनारे पसरा लगाने वाले कुम्हार, कंडरा, ठेले-खोमचे वाले अपने सामानो को फैलाकर लगाते है इसके कारण यह मार्ग अत्यधिक संकरा हो जाता है इससे ग्राहको को आवागमन मे काफी परेशानी झेलनी पड़ती है और अत्यधिक भीड़ होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

> यातायात व्यवस्था सुधारने नगर मे पार्किंग व्यवस्था के संबंध मे नगर पंचायत की बैठक मे चर्चा की जाएगी और चर्चा पश्चात योजना बनाई जाएगी।
>
> **प्रमोद शुक्ला,** सीएमओ नपं. गंडई

पार्किंग बनाए जाने की मांग

नगर पंचायत द्वारा नगर मे यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु कोई ठोस पहल नही की जा रही है नतीजतन वाहन चालक नगर मे कही भी बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े कर देते है इसके चलते वाहन चोरी की घटना भी कई बार घटित हो चुकी है नगर के जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है नगर वासियो व व्यापारियों ने राजनांदगांव- कवर्धा-दुर्ग मार्ग सहित 'ए' मार्केट व पंडरिया मार्ग पर पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है। पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित होने से साप्ताहिक बाजार के दिन आवागमन बाधित नहीं होगा और होने वाली परेशानी से निजात मिल पाएगी।

चरवाहा ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

गंडई पंडरिया। गंडई कोपेभाठा वार्ड 06 निवासी बिरेन्द्र यादव उम्र 27 वर्ष जो कि बीते शनिवार रविवार मध्यरात्रि को फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार जब उनकी पत्नी उत्तरा यादव रात्रि लगभग 3 बजे टॉयलेट के लिए उठी तभी उन्होंने अपने पति बिरेन्द्र को रस्सी के सहारे फाँसी के फंदे पर झूलते देखा तब वह दंग रह गई और अपने घर के समीप में स्थित अपने जेठ तोरण यादव को इसकी जानकारी दी तभी उनके बड़े भाई तोरण मौके पर पहुँचकर देखा तो बिरेन्द्र फाँसी पर झूलते दिखा तभी मृतक के भाई तोरण ने वार्ड पार्षद क्रांति ताम्रकार को सूचना देकर कुछ देर बाद गंडई पुलिस को भी लिखित में सूचना दिए तभी पुलिस सुबह घटना स्थल पहुँचकर लाश का पंचनामा करवाकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और दोपहर तक पीएम कराकर लाश को परिजनों को सौपा।

मृतक के है दो मासूम बच्चे : मृतक बिरेन्द्र यादव पेशे से घर मे रहने वाले मवेशी को चराते थे और दूध बेचकर परिवार का भरण पोषण करता था उनके परिजनों ने बताया कि बिरेन्द्र की पत्नी उत्तरा यादव मजदूरी करती है और बिरेन्द्र शराब के आदि भी थे। मृतक के दो मासूम बच्चे भी है जिसमे से एक लड़की जो दुधमुंही है और दूसरा बडा लड़का वार्ड के आंगनबाड़ी में पड़ता है। वही सूत्रों से ये भी खबर है कि शनिवार 10 अक्टूबर रात्रि लगभग 9 बजे बिरेन्द्र अपने दोस्त के साथ बैठकर शराब भी पिया था। इधर इस घटना से परिवार वालो का रो - रोकर बुरा हाल है क्यूकी मृतक के भरोसे ही परिवार का पालन पोषण हो रहा था अब उनके परिजन को जीवन की चिंता सताने लगी गंडई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

अपॉईटमेंट के बाद रजिस्ट्री कम होने पर महानिरीक्षक ने जताई नाराजगी

भाटापारा। ई-पंजीयन प्रणाली में अपॉइंटमेंट ज्यादा होने और दस्तावेज की रजिस्ट्री कम होने पर महानिरीक्षक ने नाराजगी जाहिर करते हुए इस व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए है। विदित हो की कई लोगों द्वारा अनावश्यक रूप से अपॉइंटमेंट बुक कर दिया जाता है. कई बार एक दस्तावेज के लिए एक से अधिक बार अपॉइंटमेंट ले लिया जाता है जिससे की जरूरतमंद को अपॉइंटमेंट नहीं मिल पता है . इसे रोकने के लिए महानिरीक्षक धर्मेश साहू सभी रजिस्टार को निर्देशित किया है की अपॉइंटमेंट portal में विक्रय पत्र के मामले में पक्षकार द्वारा अपॉइंटमेंट बुक करते समय एक वैध (valid) ई-स्टाम्प नंबर, ई-stamp राशी और प्रतिफल की राशी अनिवार्य रूप से प्रविष्टि किया जाय. system यह चेक करे कि e-stamp की राशी प्रतिफल की राशी का कम से कम 5% हो. यदि पक्षकार उससे कम राशी का e-stamp enter करता है तो उन्हें error मेसेज दिया जाय कि कम से कम प्रतिफल राशी के 5त्न राशी के e-stamp की प्रविष्टि करने पर ही अपॉइंटमेंट बुक हो सकेगा. यदि किसी पक्षकार द्वारा किसी e-stamp के आधार पर अपॉइंटमेंट प्राप्त किया जाता है परन्तु उस दिन पंजीयन के लिए दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करता है तो आगामी 15 दिवस के बाद ही उनका अगला अपॉइंटमेंट स्वीकार किया जाये. अपॉइंटमेंट आगामी 15 दिवस के लिए किया जा सके इसकी भी व्यवस्था करें . कृपया यह भी सुनिश्चित करें अपॉइंटमेंट portal में सुबह 8:00 बजे के प्रारंभ करके तब तक अपॉइंटमेंट प्राप्त किया जा सके जब तक आगामी 15 दिवस का अपॉइंटमेंट पुर्णतः न भरा जाये .और अपॉइंटमेंट प्रणाली में सुधार कर इस कार्यालय को अवगत कराये।

ग्रामीण थाना में लगा ताला, होगा शहर थाना से संचालित

भाटापारा । भाटापारा ग्रामीण थाना में 15 अधिकारी कर्मचारी गणो के कोरोना पॉजिटिव मिलने से थाना को बंद किया गया है और अब अस्थाई रूप से ग्रामीण थाने का काम काज भाटापारा शहर थाने से संचालित होगा।

श्री मावली माता के दर्शन यूट्यूब और फेसबुक पर

■ कपाट रहेंगे बंद, पूजन सामग्री और प्रसाद चढ़ाने पर प्रतिबंध

भाटापारा। यूट्यूब और फेसबुक पर किए जा सकेंगे श्री मावली माता के दर्शन। नवरात्रि पर ज्योति कलश की स्थापना तो होगी लेकिन मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मुख्य द्वार सहित सभी द्वार बंद रहेंगे। याने इस नवरात्रि पर ना तो पूजन सामग्री ले जाई जा सकेगी ना प्रसाद चढ़ाया जा सकेगा।

कोरोना संक्रमण के दौर में सबसे पहले रक्षाबंधन फिर गणेश पूजन उसके बाद पितृ पक्ष फिर रामलीला कड़ी शर्तों की भेंट चढ़ चुकी है। अब बारी है नवरात्रि की। इस पर प्रतिबंध का दायरा इतना बड़ा है कि मंदिरों में देवी दर्शन तक की अनुमति नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन और प्रशासन के निर्देश के बाद अंचल के प्रसिद्ध श्री मावली माता

मंदिर सिंगारपुर में ज्योति कलश की स्थापना तो होगी लेकिन दर्शन के लिए कपाट नहीं खोले जाएंगे।

ऐसे होंगे दर्शन

श्री मावली माता मंदिर में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जैसी व्यवस्था की गई है उसके मुताबिक दर्शन एवं ज्योति कलश कक्ष को यूट्यूब और फेसबुक पर देखा जा सकेगा। 24 घंटे मिलने वाली इस सुविधा को भक्त घर बैठे देख सकेंगे।

> मंदिर आने वाले भक्तों को प्रवेश नहीं मिल सकेगा। प्रसाद या पूजन सामग्री चढ़ाए जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। यूट्यूब और फेसबुक पर दर्शन की सुविधा होगी।
>
> **संजय अग्रवाल,** अध्यक्ष, श्री मावली मंदिर प्रबंध समिति सिंगारपुर

पूजन सामग्री प्रतिबंधित

स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन का पालन सख्ती के साथ किए जाने के आदेश के बाद जो भक्त मंदिर पहुंचेंगे उनके द्वारा लाई गई पूजन सामग्री को लिए जाने पर रोक लगा दी गई है। याने ना तो चढ़ावा चढ़ाया जा सकेगा ना ही नारियल स्वीकार किए जाएंगे।

इस पर विचार

प्रतिबंध के बाद भी जो भक्त मंदिर पहुंचेंगे उनके लिए मुख्य द्वार पर एल. ई.डी टी.वी लगाने की योजना है ताकि पहुंच चुके भक्त देवी दर्शन और कलश को देख सके। इस पर फिलहाल विचार जारी है लेकिन तैयारी की जा चुकी है।

इस पर फैसला पंचायत करेगी

मंदिर परिसर के बाहर का हिस्सा काफी फैलाव लिए हुए हैं। हर नवरात्रि पर यहां पूजन सामग्री के अलावा नारियल और प्रसाद की दुकानें लगा करती है। इसके अलावा और भी अस्थाई दुकानों का संचालन होता रहा है। यह लगेंगी या नहीं, इसका फैसला ग्राम पंचायत को करना है क्योंकि यह उनके अधिकार क्षेत्र में है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

थोड़ी राहत...

61%), वहां आधे से अधिक मरीज (54.3 प्रतिशत) स्वस्थ हुए हैं।

अब 12.30 प्रतिशत केस ही ऐक्टिव

मंत्रालय ने कहा कि पिछले लगातार आठ दिनों से 1,000 से कम मरीजों की मौत हो रही है। आंकड़ों के मुताबिक देश में अभी कुल मामलों के 12.30 प्रतिशत ऐक्टिव केस हैं। देश में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक मामले केरल में (11,000 से अधिक) सामने आये हैं। उसके बाद महाराष्ट्र का स्थान है।

'कई भारतीय दलित, मुसलमान...

हुआ था, क्योंकि उनके लिए और कई अन्य दूसरे भारतीयों के लिए वो पीड़िता कोई नहीं थी।

तेलंगाना में माओवादियों ने की...

भीमेश्वर की हत्या इसलिए की क्योंकि वह उन्हें पार्टी का फंड नहीं दे रहा था। पुलिस का मुखबिर बताकर माओवादी आम लोगों की हत्या कर रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर इस हत्या के लिए जिम्मेदार माओवादियों की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

मरवाही उपचुनाव के लिए...

मणिपुर की चार, झारखंड और ओडिशा की दो - दो तथा छत्तीसगढ़ की एक सीट के लिए उपचुनाव होना है। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने उम्मीदवारों की सूची घोषित की।

सुप्रीम कोर्ट में ...

और अरुण मिश्रा के रिटायरमेंट के बाद शीर्ष अदालत में तीन और रिक्तियां निकलीं। 34 जजों की संख्या वाली शीर्ष अदालत 30 न्यायाधीशों के साथ काम कर रही है। वहीं गौहाटी, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की हाई कोर्ट बिना नियमित मुख्य न्यायाधीशों के साथ काम कर रहे हैं। न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अनुपस्थिति में कार्यवाहक या कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति मुख्य न्यायाधीश की अनुपस्थिति में की जाती है।

गांवों को उनके हाल...

किसान और खेत मजदूर को मिल रही बीमा, पेंशन जैसी सुविधाओं से जिनको परेशानी है, वो आज कृषि सुधारों के विरोध में हैं, लेकिन किसान उनके साथ जाने के लिए तैयार नहीं है, किसान उनका सच जान गया है।

क्यों लानी पड़ी...

तरीके से मैनेजमेंट आसान होगा। स्वामित्व योजना से हमारी ग्राम पंचायतों का भी नगर पालिकाओं और नगर निगमों की तरह व्यवस्थित तरीके से मैनेजमेंट आसान होगा।

एनपीएस के विरोध में 1 नवंबर को छग टीचर्स एसोसिएशन मनाएगा प्रतिकार दिवस

■ किया सवाल - केंद्र व राज्य में विधायिका को पुरानी पेंशन तो कार्यपालिका को नई पेंशन क्यो?

पखांजूर। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ,प्रदेश संयोजक वाजिद खान, प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने 2004 में पुरानी पेंशन योजना को बंद कर बाजार आधारित नई पेंशन योजना प्रारंभ की। तब बताया गया था कि कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। लेकिन इसकी सच्चाई को समझते हुए कार्यपालिका के लिए इसे थोपा गया, जबकि विधायिका के लिए पुरानी पेंशन ही रखा गया। कार्यपालिक वर्ग 2004 के बाद बाजार की भेंट चढ़ गए, जबकि विधायिका के माननीय पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे हैं। छग शासन वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 977 के तहत 01 नवंबर 2004 से छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन के स्थान पर नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू की गई है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने 1 नवंबर को एनपीएस को कर्मचारियों के लिए काला दिन बताते हुए प्रतिकार दिवस मनाने की घोषणा की है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा है कि 'वन नेशन - वन पेंशन, हमारा मिशन - पुरानी पेंशन' की मांग रखते हुए 1 नवंबर को एनपीएस का प्रतिकार दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।क्रमोन्नति, पदोन्नत्ति, वेतन विसंगति, अनुकंपा नियुक्ति, लंबित मंहगाई भत्ता के अधिकार, जुलाई से संविलियन के साथ वेटेज का अधिकार प्राप्ति के लिए अधिकार दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया है।

प बंगाल में लागू है पुरानी व्यवस्था तो छग में क्यों नहीं कर सकते: छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कांकेर के जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला, जिला सचिव संतोष जायसवाल ने कहा है कि 1 नवम्बर 2004 को तत्कालीन सरकार ने प्रदेश कर्मचारियो से सलाह के बिना ही केंद्र की दबाव में नई पेंशन योजना लागू कर दिया जबकि राज्य सरकार को इस नियम को अपनाने या लागू करने बाध्य नही थी। जिस प्रकार से पश्चिम बंगाल में पुरानी पेंशन योजना लागू है, वैसे ही छत्तीसगढ़ में भी इसे रखा जा सकता था। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अपने कर्मचारियों के लिए अब भी पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर सकती है। सरकार ने जनघोषणा पत्र में ह्लक्क के स्थान पर ह्लक्क लागू करने की बात की है। दिल्ली राज्य केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण पुरानी पेंशन बहाली का प्रस्ताव केंद्र को भेज चुका है, किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य को पुरानी पेंशन बहाल करने का अधिकार है। यह जानकारी एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी कृष्णेंदु आईच ने दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

अपोलों अस्पताल कोविड केयर सेंटर की सेवा भावना से कोरोना को हराकर लोग लौट रहे

■ **ठीक हो चुके मरीजो ने कोविड केयर सेंटर में बिताए पल एवं अनुभव किये साझा**

बचेली। नगर में एनएमडीसी एवं जिला प्रशासन के अथक प्रयास से मंगल भवन में 100 बिस्तर का कोविड सेंटर बनाया गया था। जिसके बाद इस कोविड केयर सेंटर से लगातार लोग स्वस्थ होकर कोरोना को मात देकर अपने घर जा रहे है कई तो अपने काम पर भी लौट चुके है। अपोलों अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर एसएमहक,डॉक्टर ख़ाजा मोइनुद्दीन,दीपक रेड्डी एवं समस्त स्टाफ,नर्स,कर्मचारी दिन रात सेवा में लगे हुए है। इसी का नतीजा है कि रोजाना मरीज ठीक हो कर वापस लौट रहे है। ऐसे ही कुछ मरीजो से जिन्होंने कोरोना को किस प्रकार हराया एवं कोविड केयर सेंटर की क्या भूमिका रही अपने अनुभव साझा किए है आइये जानते है।

अरुण कुमार कुम्भलकर, एनएमडीसी कर्मचारी: मुझे बीते दिनों आरटीपीसीआर टेस्ट में कोरोना पाजिटिव होने की पुष्टि हुई थी जिसके बाद मुझे अपोलों अस्पताल के केयर सेंटर में भर्ती किया गया। अरुण के मुताबिक केयर सेंटर में बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साफ सफाई से लेकर खाने की गुणवत्ता लाजवाब है। सेंटर के डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा नियमित चेकअप किया जा रहा है। जिसमे बीपी, शुगर, आक्सीजन लेवल,पल्स, आदि की रोजाना जांच की जाती है। सुबह नाश्ता काढा,हल्दी वाला दूध ,दोपहर को भोजन शाम को काढ़ा एवं रात में भोजन जो कि प्रोटीन की मात्रा से भरपूर रहता है दिया जा रहा है। अरुण बताते है कि कोरोना से घबराने की जरूरत नही है उचित आहार,दवाइयां एवं देखरेख से आसानी से इसे हराया जा सकता है अपोलों की समस्त टीम का आभार।

अजय साहू केजुअल लेबर, छन्नू पारा बचेली : अब ठीक होकर अपने घर जा चुके अजय ने अपना अनुभव बताया की केयर सेंटर में बहुत बेहतरीन व्यवस्था थी। आपको बता दे कि अजय के रूम पार्टनर सहित दोनो को सर्दी खांसी के लक्षण थे उसके बाद दोनों अपोलों फीवर क्लिनिक में जांच के दौरान कोरोना पाजिटिव पाए गए थे जिसके बाद इन दोनों को अपोलों अस्पताल के कोविड केयर सेंटर में भर्ती किया गया था। अजय के मुताबिक डाक्टर नर्स स्टाफ दिन रात मरीजो की सेवा में लगे है। इसके अलावा समय पर दवाइयां एवं अच्छा भोजन भी उपलब्ध होता था अब दोनो दोस्त ठीक होकर अपने घर जा चुके है। दोनो ने अपोलों अस्पताल के कोविड केयर टीम का आभार व्यक्त किया है।

एनएमडीसी कर्मचारी राजू कश्यप : बुखार हुआ था जिसके बाद सरकारी अस्पताल में चेकअप करवाया जिसमे एंटीजेन किट में कोरोना पॉजिटिव आया था। घर मे पर्याप्त व्यवस्था नही होने की वजह से मुझे कोविड केयर सेंटर जाना पड़ा पहले तो मुझे लगा कि केयर सेंटर में किस तरह से रह पाऊंगा परंतु जब कोविड केयर सेंटर की व्यवस्था एवं डॉक्टरों सहित स्टाफ की सेवा भावना देखी तो मुझे बिल्कुल महसूस नही हुआ कि मैं कोविड केयर सेंटर में हु लगा कि घर पर ही हु। समय पर चेकअप,दवाइयां,भोजन आदि की अच्छी व्यवस्था थी जिससे मैं जल्दी ठीक होकर अब घर आ चुका हूं। मैं अपोलों अस्पताल के कोविड केयर सेंटर की पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहता हु।

तृषा तिर्की छन्नूपारा बचेली : मुझे एवं मेरे बेटे दोनो को एंटीजेन टेस्ट में कोरोना पाजिटिव आया था मुझे बुखार,बदन दर्द की शिकायत थी जिसके बाद मेरे घर मे अलग रूम अलग बाथरूम ना होने की वजह से मुझे अपोलों अस्पताल के केयर सेंटर में भर्ती होना पड़ा मुझे सबसे ज्यादा मेरे बेटे की तबियत को लेकर चिंता थी। परंतु केयर सेंटर में बेहद अच्छी व्यवस्था की गई थी मिलनसार स्टाफ ,नर्स,डाक्टर समय समय पर चेकअप के लिए आते थे खाने की व्यवस्था भी ठीक थी। अब दोनो मां बेटा स्वस्थ होकर अपने घर जा चुके है। तृषा के मुताबिक जिले के दूसरी जगहों के केयर सेंटर से आये मेरे परिचित से मैंने उनके अनुभव के बारे में पूछा तो वो बहुत निराश थे मुझे लगता है कि जिले में बचेली अपोलों अस्पताल के केयर सेंटर में सुविधा अन्य जगहों से ज्यादा बेहतर है। अपोलों अस्पताल केयर सेंटर को 10 में कितने नम्बर दिए जा सकते है इस सवाल पर तृषा ने 10 में 8 नम्बर दिए है। साथ ही अपोलों केयर सेंटर की समस्त टीम को धन्यवाद भी कहा है।

■ न्यूज गैलरी

दिव्यांग प्रेरणा को संगीता साहू ने दी ट्रायसिकल

भाटापारा। प्राथमिक शाला न्यू हिन्दी ब की दिव्यांग छात्रा कु. प्रेरणा को कक्षा चौथी में पहुंचने के बाद भी ट्राईसिकिल नही मिल पाने का गम शिक्षक विरेन्द्र कुमार मानसरोवर को हमेशा लगता रहा मगर आज आखिरकार वो दिन आ ही गया जब जनपद पंचायत जनपरिसर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संगीता मनोहर साह ने अपने हाथो से।दिव्यांग छात्रा प्रेरणा को ट्राय सिकल दी। ट्राय सिकल मिलते ही बच्ची और उसके शिक्षक खुश हुए। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि केतूमान साहू , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ग्रामीण भरत वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, ईतवारी जांगडे जनपद सदस्य, खिलावन चतुवेर्दी जनपद सदस्य, दानी भाट,कुमारी जांगडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भाटापारा सी पी पात्रे , सुरेन्द्र यदु जनपद उपाध्यक्ष, अशोक तिवाडी, पवन यदु, गिरीश पारप्यानी, महेन्द्र साहू, प्रेम नारायण चौबे ,हेमलाल वर्मा करारोपण अधिकारी, प्रसेन भटट सचिव, एवं शिक्षक विरेन्द्र कुमार मानसरोवर आदि उपस्थिति थे।

एक दिवसीय अधिवेशन व युवा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का किया गया गठन

लवन। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला बलौदा बाजार भाटापारा जिला कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र खुटे के नेतृत्व में गिरौधपुरी मडवा में बैठक संपन्न हुआ। जिसमें ब्लॉक कसडोल के समस्त पदाधिकारी को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया। उक्त शपथ समारोह कार्यक्रम में शपथ समारोह में मुख्य अतिथि रायपुर शहर अध्यक्ष अध्यक्ष अश्वनी बबलू त्रिवेदी एवं प्रदेश के समस्त पदाधिकारी जिला के पदाधिकारी एवं रायगढ़ जिला से जिला अध्यक्ष बिलासपुर जिला से जिला अध्यक्ष महासमुंद जिला के जिला अध्यक्ष रायपुर जिला से रायपुर जिला अध्यक्ष प्रमुख गणमान्य नागरिक का उपस्थिति मड़वा में हुए।

सेवा सुगंधम समिति ने पिलाया काढ़ा और सिखाया प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने का तरीका

भाटापारा। सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति के सौजन्य से दो दिवसीय निःशुल्क गिलोय काढ़ा पिलाने का आयोजन 9 एवम 10 अक्टूबर को प्रातः 6 से 8 बजे तक तरेंगा रोड स्थित सुभाष बाजार के पास पलटन होटल के सामने स्टाल लगा कर किया गया। दो दिनों में एक हजार से भी अधिक लोगों ने गिलोयकढ़े का सेवन किया। सेवा सुगंधम सेवा समिति के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचने का एक मात्र कारगर उपाय स्वयं के भीतर रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने है। तुलसी युक्त गिलोय के काढ़े। से मनुष्य की प्रतिरोधक शक्ति में चमत्कारिक रूप से वृद्धि होती है और कोरोना को मात दिया जा सकता है। उन्होंने बताया। कि गिलोय प्रसिद्ध आयर्वेदिक पौधा है जिसके तने के रस में अमृततुल्य शक्ति है। यह जड़ीबूटी आयुर्वेद में अमृता नाम से ही जानी जाती है।गर्म गर्म काढ़े का सेवन करने वाले लोगो मे गजब का उत्साह दिख रहा था। लोगो की मांग पर टिकेंद्र उपाध्याय ने कच्चे गिलोय का भी वितरण किया और घर घर मे गिलोय का पौधा लगाने सभी को प्रेरित भी किया। उन्होंने सभी को गिलोय से काढ़ा बनाने की विधि भी समझाई। विदित हो कि सप्ताह भर पूर्व ही समिति के द्वारा नगर के सभी पुलिस थानों में पूरे स्टाफ़ को गिलोय का वितरण किया था।

दशहरा रथ निर्माण कारीगरों को दिये चावल में निकला कीड़ा

■ **दाल में कटौती से आदिवासियों में नाराजगी**

जगदलपुर। बस्तर दशहरा पर्व पर परिक्रमा करने वाले रथ का निर्माण जोर-शोर से चल रहा है। जहाँ बेड़ा और झारउमर गांव के 100 से अधिक कारीगर सबसे पहले रथ के चक्के का निर्माण करने में जुटे हैं।झारउमर गांव से जगदलपुर पहुंचे इन कारीगरों को जिला प्रशासन द्वारा जो चावल दिया जा रहा है , उसमें कीड़े बिलबिला रहे हैं ।

दरअसल बस्तर के 612 वर्षो पुरानी दशहरा की परंपरा आज भी पारंपरिक तरीके से निभाई जा रही है । इस परंपरा को संजोय रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका बस्तर के आदिवासी समुदाय ने निभाई है।इसी परंपरा को बनाये रखने के लिए ये अपना घर परिवार छोड़कर शहर आते है ।किंतु शहर आने वाले इन आदिवासियों के लिए ही जिला प्रशासन उचित व्यवस्था नहीं कर पा रहा है ।

बस्तर दशहरा के रथ निर्माण के लिए लगभग 70 से अधिक कारीगर शहर के सिरहासार भवन में पहुंचे हुए हैं ।जिला प्रशासन द्वारा इनके भोजन की व्यवस्था भी की गयी है । आज जब ग्रामीणों ने भोजन तैयार करने के लिए चावल की बोरी को खोला तो उसमें जिंदा कीड़े बिलबिला रहे थे ।जिसे देखकर ग्रामीणों ने काफी नाराजगी जाहिर की।

कीड़े लगे चावल खाते तो हो जाते बीमार

आदिवासियों की माने तो दुकानों से पहुंचा चावल इतना घटिया कि साफ करने के बाद भी खाने लायक नहीं, इसके बाद भी अफसरों ने हम आदिवासियों को ऐसा चावल खाने के लिए भेज दिया। आखिर प्रशासन की इतनी बडी लापरवाही की चावल में कीड़े तक लग गए हैं। अगर उसे वे साफ करने के बाद भी खाते हैं तो बीमार पड़ सकते हैं।

दाल में कटौती, कीड़े लगे चावल, कैसे होगा रथ निर्माण

झार उमर गांव से रथ निर्माण करने पहुंचे गुरुचरण ने शिकायत करते हुए बताया कि जितने कारीगर पहुंचे हैं उनकी तुलना में बहुत कम दाल दिया जा रहा है साथ ही चावल भी ऐसा जिसमें कीड़े मिल रहे है । ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व उन्हें पुलिस विभाग के द्वारा सब्जी भी दी जाती थी जो अब नहीं मिल रही , ऐसे में कैसे रथ निर्माण किया जाएगा । ग्रामीणों का कहना है कि वे आदिवासी हैं। उन्हें उनकी परंपरा अनुसार भोजन में मांस भी दिया जाना चाहिए।

इस मामले पर जानकारों का मानना है

बस्तर का दशहरा एक ऐतेहासिक पर्व है जिसे दूरदराज से लोग इस दशहरा के साथ यहाँ के आदिवासियों के रहन सहन को भी देखते समझते है । इस लिहाज से कलेक्टर को इस दशहरा से संबंधित अधिकारी व चावल विक्रेता पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।ताकि दोबारा इस प्रकार की लापरवाही देखने को ना मिले।

चाकू लहराकर जनता को भयभीत करने वाला युवक गिरफ्तार

भाटापारा। संत कंवर राम वार्ड में चाकू दिखाकर लोगो को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को शहर पुलिस ने पकड़कर उसके कब्जे से चाकू जब्त करते हुए उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी महेश धुव ने बताया की संत कंवर राम वार्ड में आरोपी विजय कुर्रे ऊर्फगोलू पिता ईश्वर प्रसाद उम्र 32 साल साकिन संत कंवर वार्ड निवासी को मोहल्ले के महिलाओ व आने जाने वालो लोगो को अश्लील गाली गलौच करते चाकू दिखाकर धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी विजय कुर्रे वार्ड वासियों को गाली गलौज कर चाकू दिखा कर

जान से खत्म कर दूंगा बोलकर आतंक मचा रहा था और पुलिस द्वारा आरोपी को समझाने का प्रयास किया गया जो पुलिस पार्टी के समक्ष ही भी जोर जोर से हल्ला कर गाली गलौच गुंडा गर्दी के साथ चाकू को लहरा रहा था मौके पर आरोपी से चाकू को पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा जप्त किया गया तथा प्रार्थिया सियामती साहु पति ईश्वर साहु उम्र 43 वर्ष साकिन संत कंवर वार्ड भाटापारा के द्वारा मौके पर आरोपी के विरूद्ध देहाती नालसी मे रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी विजय कुर्रे इनके साथ माँ बहन की अश्लील गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देकर मुह को दबाकर गले मे चाकु टिका देने तथा मोहल्ले के लोगो व आने जाने वाले लोगो को अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने व चाकू लेकर दौडाने कि रिपोर्ट कि है जिस पर अपराध क्रमांक 400/2020 धारा 25,27, आर्म्स् एकट कायम कर आरोपी विजय कुर्रे ऊर्फगोलू पिता ईश्वर प्रसाद उम्र 32 साल साकिन संत कंवर वार्ड भाटापारा के द्वारा अपराध सदर धारा का घटित करना सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है

सीएमओ की जानकारी के बगैर कैशियर ने जारी कर दिया नोटिस

■ **पार्षद-एल्डरमेन ने की संसदीय सचिव से शिकायत**

महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव में सीएमओ के बगैर जानकारी के कैशियर द्वारा नोटिस जारी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पार्षदों-एल्डरमेन की शिकायत के बाद संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सीएमओ से जवाब तलब किया। बाद इसके अब इस मामले में कैशियर के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत तुमगांव में अटल व्यवसायिक परिसर में एक दुकान अवैध रूप से उपयोग में लाया जा रहा था। जिस पर 26 अगस्त 2020 को नगरपंचायत में पदस्थ कैशियर राजेश सोनी बिना सीएमओ की जानकारी में मामला लाए संबंधित दुकानदार को जुर्माना पटाने नोटिस जारी कर दिया। आज शनिवार को विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश यादव, पार्षद गौतम सिन्हा, विजय बांधे, हर्ष शर्मा, केके साहू, थानु साहू, सलीम भाठी, डीआर नायक आदि संसदीय सचिव निवास पहुंचे और इसकी शिकायत की। उन्होंने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर को बताया कि कैशियर राजेश सोनी द्वारा नपं में भर्राशाही तरीके से कार्य किया जा रहा है। पूर्व में पीआईसी की बैठक में वित्तीय गबन व गलत व्यवहार के कारण उन्हें निलंबित व बर्खास्त किया गया था। लेकिन नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा गठित पीआईसी की बैठक में उन्हें बहाल कर राजस्व, पीडब्ल्यूडी, स्थापना जैसे शाखाओं का प्रभार दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीएमओ की जानकारी के बगैर कई कार्यों को अंजाम दे रहे हैं।

प्रदेश मानिकपुरी आर्थिक समिति के महाबलदास संरक्षक बने

भाटापारा। छत्तीसगढ़ मानिकपुरी सशक्तिकरण समिति का नगर के महाबल दास बघेल सहित 4 लोगो को सर्वसम्मति से संरक्षक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से समाज सहित अन्य समाज के लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए महाबल दास को बधाई दी है। पदाधिकारियों का चयन प्रक्रिया में आर्थिक समिति के सभी सदस्य एवं प्रदेश के अन्य समितियों के सभी सदस्य एवं प्रदेश के अन्य समितियों के वरिष्ठ समाज सेवकों के द्वारा सहर्ष अपनी स्वीकृति सहमति प्रदान किए एवं पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश स्तर में मानिकपुरी आर्थिक विकास संगठन को मजबूती देने और समाज को

आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सभी का साथ और सहयोग सदैव रहेगा।

समाज के बनाये गए पदाधिकारीयो में

संरक्षक गण- महाबल बघेल भाटापारा, आसान दास चांपा , मनोज मानिकपुरी रायपुर, सत्य प्रकाश मानिकपुरी गरियाबंद, अध्यक्ष-प्रसाद दास भूपदेवपुर रायगढ़, कार्यकारी अध्यक्ष-कुलदीप प्रकाश डांडिया जगदलपुर, सचिव- पी डी मानिकपुरी पंडरिया कबीरधाम, उपसचिव-ईश्वर दीवान मुंगेली, कोषाध्यक्ष-दिनेश पनरिया कोरबा वाले (रायपुर) उपकोषा सचिव-श्याम मानिकपुरी रायगढ़, उपाध्यक्ष-सुंदर दास भिलाई , प्रेम मानिकपुरी रायपुर, प्रवक्ताद्वभरत मानिकपुरी रायगढ़, मुरारी दास मानिकपुरी, विनोद मानिकपुरी भाटापारा, कुमार दास बिलासपुर, मीडिया सलाहकार, नारायण दास कापू जिला रायगढ़, मन्नू महंत जिला जसपुर (युवा जिला उपाध्यक्ष), विधि सलाहकारद्वसोनू मानिकपुरी दुर्ग, रविशंकर मानिकपुरी दुर्ग, रचना महंत रायगढ़, निरीक्षकद्वकुमारी डिंकी महंत कोरबा, शीतला महंत कोरबा, कुमार दास भिलाई, स्वास्थ्य सलाहकार, डॉ कमल मानिकपुरी रायपुर, डॉक्टर नूतन मानिकपुरी रायपुर, डॉ राकेश मानिकपुरी बालोद, व्यवसायिक सलाहकार, पुष्पेंद्र महंत, रामनाथ महंत

प्रचार एवं जनसंपर्क- इंद्रमणि कोरबा, तुलसी दास मानिकपुरी, बोधी दास मानिकपुरी, बसंत मानिकपुरी, निर्मल दास मानिकपुरी, सुरक्षा सलाहकार, दुकेस्वर महंत कोरबा को बनाया गया है।

कल तक जारी रहेगा घर पहुंच सेवा वाला कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान

महासमुंद। कोविड-19 की बीमारी में जरा सी लापरवाही भी इस कदर हावी हो सकती है कि देर से जांच व इलाज कराने वाले मरीजों के मामलों में तमाम जीवनरक्षक उपचार लिए जाने के बावजूद उन्हें बचाना कठिन हो जाता है। प्रदेश स्तर पर हाल में किए गए आंकलन से पता चला है कि वर्तमान में महासमुंद भी उन शीर्षस्थ पांच जिलों में है, जहां कोविड-19 पीड़ितों की मृत्यु सबसे अधिक हुई है। जिसके मद्देनजर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने स्थानीय नागरिकों को फिर एक बार सतर्क करते हुए कोविड-19 संक्रमण चेन तोडने़ की दिशा में सहयोग करने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. परदल ने बताया कि इन दिनों कोरोना संक्रमण की वैश्विक महामारी पीक पर आने की ओर दिख रही है। अब तक जिले में कोविड-19 के धनात्मक प्रकरणों में होने वाली मृत्यु का आंकड़ा 54 की संख्या तक आ पहुंचा है। जिसका मूल कारण लापरवाहीपूर्वक लक्षणों को छिपाना होता है। उन्होंने कहा है कि अब तक हुई मौतों में अधिकांश प्रकरण ऐसे रहे जिन्हें कोविड-19 के अतिरिक्त अनियमित रक्तचाप, मधुमेह, किडनी या लिवर के पुराने रोग सहित पहले से ही पुरानी बीमारियों से जूझ रहे थे।वहीं तुलनात्मक आंकड़ा बताता है कि इनके अलावा कोविड-19 महामारी के संबंध में फैली भ्रांतियों के चलते कई लोगों ने लक्षण होने के बाद भी समय पर जांच नहीं कराई और उनकी बीमारी बढ़ गई। देखा गया है कि बीमारी में जब पीड़ा असहनीय हो गई यानी सांस लेने में तकलीफ और उल्टी सहित सिर दर्द, नाक बहने की परेशानी ने शरीर को निमोनिया एवं अन्य पुरानी बीमारियों के साथ बुरी तरह जकड़ लिया तब जाकर लोगों ने कोविड की जांच कराई। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जिला ही नहीं अपितु प्रदेश के बड़े चिकित्सालयों में चले अद्यतन जीवनरक्षक उपचार के बाद भी कुछ मरीजों ने दम तोड़ दिया। डॉ. परदल के मुताबिक कोविड-19 संक्रमण प्रसार की श्रृंखला को तोडने़ के लिए समुदाय स्तर पर लक्षणात्मक मरीजों की त्वरित पहचान कर उनकी कोविड-19 जांच पश्चात धनात्मक पाए जाने पर आइसोलेट एवं उपचार किया जाना आवश्यक है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 20201021110001
विषय-अ-20(3) मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 19-20
भाटापारा प.ह.नं. 00011 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - पिंकी शर्मा,
अनावेदक पक्षकार - अभिषेक तिवारी

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पिंकी शर्मा पति जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा आमुख्त्यार जितेन्द्र शर्मा पिता विनोद शर्मा निवासी नयापारा वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदिका ने अनावेदक अभिषेक तिवारी पिता हरिशंकर तिवारी से नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 12 बी, प्लाट नंबर 71/6, क्षेत्रफल 39 वर्गमीटर निर्धारण 34.00 रुपए भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 05.80.2020 को 14,28,000/- अक्षरी चौदह लाख अट्ठाईस हजार रुपए में क्रय किया है। अत: पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदिका उक्त भूमि में अपना नाम दर्ज किए जाने का लेख किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदिका का नाम उक्त भूमि में दर्ज किए जाने जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 12/10/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/09/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 20201021110015
विषय-अ-20(3) मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 20
भाटापारा प.ह.नं. 00011
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - प्रकाश लाल केशरवानी, परमानंद केशरवानी, शिशुपाल केशरवानी, संतोष केशरवानी, नरेन्द्र केशरवानी
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता भाटापारा तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाशलाल केशरवानी पिता राजोमल केशरवानी एवं अन्य 04 निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा, तहसील जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम भाटापारा स्थित नजूल क्रमांक 14, प्लाट नं. 196/1 क्षेत्रफल 284 वर्गमीटर निर्धारण 377 रुपए नजूल अभिलेख में धारक रामोमल पिता- के नाम पर दर्ज है। धारक राजोमल पिता इमरूमल की मृत्यु दिनांक 10/01/2000 को तथा धारक की पत्नि लीलाबाई केशवानी मृत्यु दिनांक 18/01/1988 को होने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर वारिसान हक में अपने नाम पर दर्ज किए जाने किया है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र एवं खसरा मेंटनेंस की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत की है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त आवेदित भूमि के नामांतरण में जिस किसी व्यक्ति को यदि कोई दावा आपत्तियां हो तो वे दिनांक 16/10/2020 मेरे समक्ष स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/10/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 20201021110016
विषय-अ-20(3) मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 20
भाटापारा प.ह.नं. 00011 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - चेतन साहू,
अनावेदक पक्षकार - रमेश कुमार,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता भाटापारा, तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता कि आवेदक चेतन साहू पिता रजउराम साहू निवासी ग्राम देवरी, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक ने अनावेदक रमेश कुमार पिता तुलसामल चिमनानी, श्रीमती इन्द्रादेवी बेवा ज्ञानचंद चिमनानी से नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 12-सी, भूखंड क्रमांक 150/1 क्षेत्रफल वर्गमीटर अर्थात 269 वर्गफुट भूमि निर्धारण 5.50 रुपए को पंजीकृत बैनामा दिनांक 25/07/2003 के माध्यम से 1,01,000.00 रुपए अक्षरी एक लाख एक हजार रुपए में क्रय किया है। अत: पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदक अपना नाम दर्ज किए जाने का लेख किया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा, बैनामा प्रति के साथ प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के नामांतरण के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त आवेदित भूमि के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को यदि किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो वे दिनांक 16/10/2020 तक मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/10/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

दिनांक 07.10.2020

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "**बेरोजगार डिग्री अभियंता**" हेतु आमंत्रित की जाती है, निविदा डाउनलोड करने की **अंतिम तिथि 28.10.2020 है।**

एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 118 Tender No. 68322	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम भटभेरा विकासखंड सिमगा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य।	रु. 26.13 लाख
NIT NO. 119 Tender No. 68323	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम मोहभट्ठा विकासखंड सिमगा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 06 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य।	रु. 39.20 लाख
NIT NO. 120 Tender No. 68324	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत ग्राम बलौदा (कटगी) विकासखंड कसडोल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य।	रु. 26.13 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-84180/2 Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

सरकारी चावल में हेराफेरी, हर बोरों में 5 से 6 किलो का अंतर

नान, खाद्य विभाग से लेकर राईस मिलर सबका सेंधमारी में गठबंधन

पंकज सिंह भदौरिया

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले में जब से गुडसे सोसायटी पर पहुँचने वाले चावल की हेराफेरी की खबर निकलकर सामने आई है तब से विभाग, ट्रांसपोर्टेर, राईस मिलर और सरकारी महकमे की भूमिकाओं को लेकर रोजाना नये खुलासे हो रहे हैं। अब तक मामले की जांच भी पूरी नहीं हो सकी है और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही तो दूर की बात है। चावल गिरोह की मदद में वेयरहाउस और नान की साठगांठ भी स्पष्ट दिखाई पड़ती है। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों की राशन दुकानों तक खाद्यान सामग्री भी पूरी मात्रा में नही पहुँच पाती है।

दरअसल जिन गाड़ियों की मदद से राशन पहुँचता है, वह वेयर हाउस से तो बोरो की गिनती से सोसायटी के लिये निकलता है। मगर उन बोरो में 50 किलो चावल की मात्रा सोसायटी तक नही पहुँचती है। इधर सोसायटी संचालको के पास भी बिना वजन के सीधे बोरे उतर जाते हैं। जिनमें बोरो की संख्या तो बराबर होती है पर खाद्यान की मात्रा हर बोरे से 5-6 किलो कम रहती है।

जाहिर सी बात है वेयरहाउस के धर्म कांटे से बराबर वजन में जब गाड़िया निकलती है तो सोसायटी तक पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुँचता क्यो नहीं।

दरअसल सोसायटी संचालको से मिले इनपुट के आधार पर एक्सपर्ट हमालों की मदद से खाद्यान के बोरो में फ़्की मारकर हर बोरे से राशन बाहर निकल जाता है। फ़िर जमा राशन की कालाबाज़ारी कर दी जाती है। इस तरह की गड़बड़ी आसानी से हो जाती है और इसका ध्यान भी भी नही जाता है।

अगर जुट के बोरो की जगह अंदर से प्लास्टिक का उपयोग किया जाये तो बहुत हद तक इस तरह की हेराफेरी से बचा जा सकता है। लेकिन जब वेयरहाउस के जवाबदार अधिकारियों ने आजतक सीसीटीवी नही लगवा सके तो इस तरह की चोरियों में क्या लगाम कसेगा।

बातों...बातों में...

सुकांत राजपूत

डॉक्टर वर्सेस डॉक्टर

मरवाही उपचुनाव के लिए सूबे की तीन सियासी पार्टियां अपना प्रत्याशी लगभग तय कर चुकी हैं। हालाकि औपचारिक घोषणा बाकि है फिर भी तीनों दलों कांग्रेस, भाजपा और छजकां उम्मीदवारों के नाम के आगे डॉक्टर लिखा है। जैसे कांग्रेस से

डॉ.केके ध्रुव का नाम प्रबलता से लिया जा रहा है। जबकि भाजपा से दो नाम समीरा पैकरा और डॉ. गंभीर दावेदार हैं। इसी तरह जोगी कांग्रेस से अमित की राह में कई रोड़े अटकाने की तैयारी है सो अमित की पत्नी डॉ.ऋचा जोगी भी विकल्प हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि तीनों डॉक्टर लिखने के लिए इनटाईटल केंडिडेट्स अगर फाइनली उतरे तो मरवाही उपचुनाव डॉक्टर वर्सेस डॉक्टर का होगा। वैसे भाजपा-कांग्रेस से डॉक्टर ही उतरना तय है।

मरवाही की रणनीति

अजीत जोगी के निधन के बाद रिक्त हुई मरवाही विधानसभा सीट में दोस्त, दुश्मन और दरयाफ्त वाला नजारा है। अमित का विकल्प ऋचा हैं पर दोनों को जाति मामले में उलझा दिया गया है। ऐसे में मरवाही में सीधी टक्कर कांग्रेस-भाजपा की होगी। कांग्रेस के लिए यह सीट फतह करना जितना जरूरी है उससे कहीं ज्यादा भाजपा-छजकां को हराना है। छजकां भी इस सीट को खोना नहीं चाहती इसलिए दोस्त से दरयाफ्त कर ही अमित के बदले ऋचा को लाने के साथ ही समीरा पैकरा को टिकट न मिले इसकी बात हो चुकी है। क्योंकि महिला के खिलाफ अगर भाजपा से महिला को टिकट मिलती तो तय था परिणाम जातिगत और पूर्व में कम अंतर से हारी समीरा के हक में यह जाता। फिर सियासत में यह होता ही है किसी भी दिग्गज के खिलाफ भले ही बेलगाम बयान दिए जाएं पर कोई दिग्गज नहीं उतारा जाता।

नॉन वेज की इंतहा

सूबे में यूं तो नॉन वेज आईएएस और आईपीएसों की कोई कमी नहीं। ये नॉन वेज वैसे वाले नहीं ऐसे वाले यानि की खाने वाले हैं। खैर, खाते तो ज्यादातर हैं लेकिन एक आईएएस में नॉन वेज की जुनूनी इंतहा है। उनकी खुशकिस्मती कि वे अब एक छोटे से जिले के कलेक्टर बन गए हैं और बदकिस्मती उस सूबे के आदिवासियों की..उन्हें अब अपनी देसी मुर्गी छुपानी पड़ रही है। देसी चिकन के बेहद शौकीन कलेक्टर के मातहत भी मुर्गा-मुर्गी खोज-खोज कर थक गए हैं। नॉन वेज कलेक्टर का यूं तामसिक भोजन करने का शौक पूरे जिले पर भारी पड़ रहा है। साहब का पेट भरा की नहीं यह तो पता नहीं पर बातों ही बातों में सूत्र के पुत्र ने बताया कलेक्टरी और चिकन साहब का पेशन है।

ड्रग्स लेने वाले गुम

कोई पहली बार रायपुर पुलिस ने ड्रग्स और तस्कर को नहीं पकड़ा है! इससे पूर्व भी सूटकेस भरके गर्दा व कोकिन मिला, तस्कर छूट गए मामला भी वक्त के साथ ठंडा पड़ गया। यह पहला

वाक्या है जब मामूली सी कीमत का चंद ग्राम ड्रग्स मिला और रायपुर पुलिस ने बाल की खाल उधेड़ते हुए 12 ड्रग पैडलर, हैंडलर और डीलर तक पहुंची। जाहिर है माल की कीमत और तादात दोनों में ईजाफा हुआ। पुलिस भी खुद की पीठ थपथपाती थक नहीं रही। अब ड्रग देने वाले घेरे में आ गए जबकि नाईजीरियन तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है। बकाया हैं राजधानी के लेने वाले रईसजादे जो तस्करों के कॉल डिटेल और वॉट्सएप चैट में नामजद हैं। कप्तान साहब और उनके बहादुर 50 हजार के ईनामी दस्ते के जांबाज एक भी ड्रग एडिक्ट को बेनकाब नहीं कर पाए हैं। बातों ही बातों में सूत्र ने बताया दरअसल सभी रईसजादों की बिगड़ैल औलादें हैं। इसमें नवाबजादे भी हैं और नवाबजादियां भी किसी की शादी होने वाली है तो कोई पढ़ाई कर रहा है ज्यादातार लक्ष्मीपुत्र परिवार के हैं। मतलब साफ है बरामद माल, माल की कीमत से ज्यादा तो नाम की कीमत है।...समझ गए न!

कोविड-19 ड्यूटी में फर्ज निभा रही थी मां, इधर बेटी को ब्लैकमेल कर पिता कर रहा था दुष्कर्म

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। दुष्कर्म की बढ़ रही घटनाओं के बीच एक ऐसा मामला कोरबा जिले के पाली थाना क्षेत्र में सामने आया है जो ना सिर्फ फरिश्तों को कलंकित कर तार-तार करता है बल्कि यह सोचने पर भी मजबूर करता है कि आखिर बेटियां कहां पर सुरक्षित हैं ? जिस पिता ने जन्म दिया, वही उसे अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। पुलिस ने इस नराधम पिता के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसे जेल की सलाखों के पीछे दाखिल कराया है।

जानकारी के अनुसार मामला पाली थाना क्षेत्र का है। यहां एक स्वास्थ्य कर्मी महिला अपने पति के साथ निवासरत है। उसकी पुत्री पढ़ाई के सिलसिले में बाहर रहती थी जो मार्च माह में कोरोना महामारी के कारण लॉक डाउन लगने की वजह से पढ़ाई छोड़कर पाली में माता-पिता के घर आ कर रह रही थी। इस दौरान मां की ड्यूटी कोविड-19 में लगा दी गई जो कोरोना मरीजों की सेवा के लिए दिन-रात एक किए हुए थी। इधर नाबालिक बेटी के घर में अकेले रहने का फायदा उसके पिता ने उठाया। पीड़िता को उसके बचपन के दोस्त के साथ गलत संबंध होना कहकर इस बात के लिए डरा-धमका कर ब्लैकमेल करते हुए पिता ने अग्र क्रियाएं करते हुए बार-बार संबंध बनाने के लिए प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ। इस बीच मां के घर लौटने पर किशोरी ने अपनी मां से घटनाक्रम बयां किया तब इस संबंध में पति से बात की लेकिन उसने साफ इनकार कर दिया। इसके बाद 24 अप्रैल 2020 को जब पीड़िता की मां रात्रि ड्यूटी पर थी तब फायदा उठाकर रात करीब 11-12 बजे के मध्य जब किशोरी अपने कमरे में अकेले सोई थी तब नराधम पिता ने उसके साथ जबरन संबंध बनाया। बताया गया कि इससे पहले भी 14 मार्च को बिलासपुर में पीड़िता के साथ इस तरह का दुष्कृत्य पिता ने किया था। इस मामले में कल अपनी मां के साथ थाना पहुंची पीड़िता ने पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट दर्ज कराई।

थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौर ने अपने उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया और मातहतों के साथ आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने कड़ी पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल दाखिल कराया गया।

रात में अपने घर में सो रही महिला पर हुआ प्राण घातक हमला

गुंडरदेही। गुंडरदेही पुलिस थाना से महज 4 किलोमीटर दूर में आज फ़िर एक महिला का हाफ मर्डर हो गया मामला पूरा ग्राममचौद निवासी घायल महिला मालती चंद्राकर लगभग 50 वर्ष बताया जा रहा है कुछ दिनों से यह अपने घर में अकेली रहती थी जिन की मानसिक स्थिति कुछ ठीक नहीं होने की बात सामने आ रही है लेकिन उनका माईके ग्राम कसोदा है जहां उनका पुत्र ग्राम करौंदा में कुछ दिनों से रह रहा है कल रात को तवेरा के एक दाल बेचने वाले युवक उनके घर आया था पर उस महिला को रात को ही अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उन्हें पेट पर तीन जगह धारदार हथियार से चाकू से गोद डाला जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई यह घटना शुक्रवार रात का है शनिवार सुबह तक इस घटना का पता नहीं चला ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह महिला गांव से किसी प्रकार तालमेल नहीं रखती थी जिसके कारण ग्रामीणों को पता नहीं चल पाया महिला को घायल करके आरोपी अंदर से दरवाजा बंद कर पीछे हिस्से से भागा है वही ग्रामीणों आसपास से प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार सुबह घायल महिला की भाई इस घटना की जानकारी हुआ सब गांव के सरपंच सुमन तिवारी को इस घटना की जानकारी दिया तब सुमन तिवारी ने पूरी घटना की

बालोद पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा मौके पर मुआयना करते हुए।

जानकारी स्थानीय पुलिस थाना में थाना प्रभारी रोहित कुमार मालेकर को दिया तब थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचा जहां पर थाना प्रभारी जब घर पहुंचे तब वह घायल महिला खून से लथपथ बेहोशी हालत में पड़ी थी तब उन्हें 108 के माध्यम से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया उसकी स्थिति देखकर उन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के लिए रिफ़र किए गए उस घायल महिला के साथ प्रत्यक्ष रूप से उनके भाई साथ में है अब गुंडरदेही पुलिस शक के आधार पर वही पड़ोसी गांव के युवक दाल बेचने वाले को पूछताछ में अपनी हिरासत में लिया है महिला को चाकू गोदने की खबर लगते ही जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्ते व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम क्राइम ब्रांच की टीम पहुंचकर जांच कर रहे हैं।

बालोद जिले के क्राइम सुलझाने वाले बहुत अनुभव रखने वाले अर्जुंदा थाना प्रभारी कुमार गौरव साहू एवं गुंडरदेही थाना प्रभारी रोहित कुमार मालेकर की संयुक्त टीम इन की जांच कर रही है। जहां पास घटना हुआ है वह आसपास लोगों को भीड़ घटना के संबंध में आपस में ग्रामीण बातचीत कर रहे हैं क्या घटना कैसे हुई जबकि वह महिला ग्रामीणों से कोई तालमेल नहीं रखता था पर उस प्रत्यक्ष कार्यों के अनुसार उस घर में तवेरा गांव के दाल बेचने वाले युवक का आना जाना लगा रहता था कुछ लोगों का कहना है कि वह महिला खून से तो लथपत थी पर वह बिना वस्त्र के थी यह जांच का विषय है समाचार लिखे जाने तक अभी तक गुंडरदेही थाना में मामला पंजीबद्ध नहीं हुआ है विवेचना जिला स्तर के अधिकारी घटनास्थल पहुंचकर बारीकी से जांच कर रहे हैं। वही इस संबंध में गांव के वरिष्ठ नागरिक एवं पंच कृष्णमूर्ति तिवारी ने बताया कि इस घटना की जानकारी लगभग उन्हें 12: से 1 बजे के बीच मिला तब उन्होंने पूरी घटना की जानकारी थाना में दिया।

क्रान्ति सेना पहुंचा मृतक किसान के गांव, उचित कार्रवाई नहीं होने पर सेना करेगी उग्र आंदोलन

नकली दवा निर्माता पर कायम हो हत्या का मुकदमा, मृतक परिवार को मुआवजा में 25 लाख देने की मांग सेना ने की

खरोर। भिलाई ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मातरो (मचांदूर) में एक युवा किसान डुगेश (34) पिता ढिलनराम निषाद ने अपने ही खेत के कहुआ पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी, इस घटना ने किसानों को अंदर से झकझोर कर दिया है। अपने सात एकड़ की फ़सल को बिमारियों से बचने बाजार से किटनाशक दवाई लाकर छिड़काव किया, दवा बेअसर साबित हुआ, उल्टा फ़सल झुलस गई। फ़सल बर्बाद देखकर किसान ने आत्महत्या कर ली। क्रान्ति सेना के प्रदेश पदाधिकारियों के द्वारा शहीद किसान के दशगात्र में उनके गांव पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सेना को व्यथा बताते मृतक के पिता दहाड़ मारकर रोने लगे, डुगेश उनका अविवाहित पुत्र था, जो पिछले 15 वर्षों से अंधे पिता व परिवार को पाल रहा था। मंहगी और नकली दवाई डालने पर उसके धान के अच्छे खासे हरे पौधे झुलसकर पीले हो गये। नकली दवा कंपनियों के इस फ़र्जीवाड़े का जिक्र वह लगातार अपने दिव्यांग पिता, भाईयों और ग्रामवासियों से कर रहा था। कृषि अधिकारियों तक उसने बात पहुंचाने की कोशिश भी की लेकिन हर तरफ से हताश होकर एक गरीब के बेटे ने अपने उसी बरबाद खेत की मेंढ़ पर जाकर फांसी लगा ली।

क्रान्ति सेना महीने भर पहले ही नकली दवा कंपनियों के खिलाफ मुहिम छेड़ा था, रायपुर शहर में अवैध रुप से चल रहे इन कंपनियों पर क्रान्ति सेना ने छापा भी मारा था, जैविक के लाईसेंस पर नकली कैमिकल दवाईयों के फ़र्जीवाड़े का भंडाफोड़ कर कलेक्टर और पुलिस अधिकारी को अनेक शिकायतें भी किया लेकिन सरकार और प्रशासन के लोग सोते रहे जिसकी भयानक परिणाम आज मातरो गांव मे हुआ। अभी भी सरकार इन बाहरी कंपनियों को संरक्षण देना बंद नहीं करती तो हमारे प्रदेश को आत्महत्या के मामलों में महाराष्ट्र बनते देर नहीं लगेगी ।क्रान्ति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल ने गांव वालों और परिवार वालों के साथ जाकर खेतों का मुआयना किया और कहा कि किसानों के मौत का सामान सरकार की नाक के नीचे राजधानी में धड़ल्ले से बन रहा है, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री के निवास जिले तथा कृषि मंत्री के सरहदी जिले के किसान अपनी फ़सल की बरबादी देख मौत को गले लगा रहें हैं।क्षेत्रीय विधायक और गृहमंत्री बिलखते परिवार को चार लाख की भीख देकर निकलते बने। इससे तो डुगेश के खेत का नुकसान भी नहीं निकलेगा, क्रान्ति सेना गरीब परिवार के मुआवजे के रुप में सरकार से तत्काल पच्चीस लाख रुपये की मांग करती है।

बिना कार्य किये राशि का आहरण

आरटीआई के तहत जानकरी मांगने पर उड़ाई जा रही के नियमों की धज्जियाँ

महासमुंद (नवप्रदेशसंवाददाता)। सरायपाली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसमीसरार में आरटीआई के नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है. ग्रामीणों द्वारा पंचायत से सूचना के अधिकार के तहत मांगी गयी जानकारी देने से पंचायत सचिव बच रहें है जिसकी शिकायत सरायपाली एसडीएम से करते हुए ग्रामीणों ने इसके लिए जिम्मेदार पंचायत सचिव पर कार्रवाई की मांग की है. कुसमीसरार के ग्रामीण रघुलाल ने बताया कि ग्राम पंचायत कुसमीसरार में बिना कार्य करवाए ही वर्ष 2020-21 में मई माह से जुलाई माह तह लगभग 20 फर्जी बिल वाउचर के माध्यम से करीब 9 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा किया गया है। दरअसल रघुलाल ने कुछ दिन पूर्व सीजी सन्देश डॉट कॉम से संपर्क करते हुए पंचायत में किये गए कार्यों की जानकारी चाहते थे. जिसके बाद रघुलाल को ऑनलाइन कार्यों की जानकारी देखने के लिए एकाउंटिंग ऑनलाइन वेबसाइट के बारें में बताया गया. जिसके बाद रघुलाल ने अपने पंचायत द्वारा किये गए कई कार्यों को ऑनलाइन के माध्यम से देखा. इसके बाद ऑनलाइन जानकारी देखने पर ग्रामीणों और रघुलाल को संदेह हुआ जिसके बाद ग्रामीणों ने सूचना के अधिकार आवदेन के जरीए पंचायत के आय-व्यय की जानकारी निकालनी चाही.

परंतु पंचायत सचिव ने सूचना के अधिकार कानून का पालन न करते हुए ग्रामीणों को सूचना की पंहुच से दूर रखा. अब ग्रामीण चाहते है कि उनके द्वारा संदेह किये गए बिल पर खर्च की जांच की जाये. एवं कानून तोड़ने वाले सचिव पर कार्रवाई हो. रघुलाल ने बताया कि पंचायत द्वारा बोर खनन, पचरी निर्माण, मोटर पंप, नाली निर्माण के जैसे कई कार्यों के नाम पर फर्जी आहरण किया है. इस सम्बंध में कुसमीसरार सरपंच ने बताया कि पूर्व कार्यकाल में हुए कार्यों का आहरण किया गया है. वर्तमान सरपंच के अनुसार पूर्व सरपंच और अभी वर्तमान सचिव के द्वारा पछड़ी मरम्मत और अन्य कार्य किया गया था. जिसका भुगतान नही किया गया है बोलकर प्रस्ताव बनाया गया है जिसके आधार पर पैसा निकला है. और कार्य हुआ हैं कि नही मेरे को नही पता, सचिव ही जानकारी दे पाएंगे. जबकि सचिव से संपर्क फ़ोन करने पर उनका फोन बंद मिला. सरायपाली जनपद सीईओ डॉ. स्निग्धा तिवारी ने बताया कि जांच अभी चल रही है.

हत्या के बाद मामले को दबाने का प्रयास!

महासमुंद। बसना थाना अंतर्गत ग्राम सलखंड से एक युवक की मौत की सनसनी ख़बर बीते दिन समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी रही. मामले में मृतक के भाई ने पुलिस से शिकायत की थी की उसके भाई की हत्या की गई, उसके बाद उसके शव को दबाव पूर्वक उनके परिवार वालों द्वारा अंतिम संस्कार करवाया गया. मामले में खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस मामले में सरपंच बनवारी जगत सहित प्रहलाद साहू और नंद कुमार साहू पर धारा 304, 201, 34 भादवि0 का अपराध कायम कर मामले की जाँच कर रही है. मामले के मर्म जांच के अनुसार प्रहलाद साहू अपने घर के पिछे बाडी खेत में जंगली जानवर के लिए लोहे का तार लगाकर बिजली करंट प्रवाहित किया था. जिससे चपेट में गाँव का ओमप्रकाश सिदार आने से बोर पंप हाउस बाडी के पास गिरा पड़ा था. रिपोर्ट के अनुसार घटना के करीब एक माह पूर्व भी एक सियार का मृत्यु हुआ था. तथा प्रहलाद साहू को इस तथ्य का ज्ञान था कि उक्त तार मे प्रवाहित विद्युत करंट की चपेट में कोई आ सकता था और उसकी मृत्यु हो सकती थी. इधर पुलिस की कार्यवाही से असंतुष्ट होकर मृतक का भाई कमल सिदार और पिता रोहित सिदार ने इसकी शिकायत पुलिस माहानिरीक्षक रायपुर छत्तीसगढ़ को की है. मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि ओम प्रकाश सिदार की हत्या की गयी है. जिसके बाद अब मामले को दबाने के लिए आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है।